जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 117, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 24 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मोदी का मिशन जापान: भारतीयों से बोले पीएम

# 'मुझे मक्खन नहीं, पत्थर पर लकीर खींचने की आदत'

## भारत और जापान का रिश्ता है बुद्ध, ज्ञान और ध्यान का: मोदी

**टोक्यो:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को टोक्यो में प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। इस दौरान लोगों ने मोदी-मोदी और जय श्री राम के नारे लगाकर पीएम मोदी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जब भी मैं जापान आता हूं तो मैं देखता हूं कि आपकी स्नेह वर्षा हर बार बढ़ती ही जाती है। आप में से कई साथी अनेक वर्षों से यहां बसे हुए हैं। जापान की भाषा, वेशभूषा, संस्कृति और खानपान एक प्रकार से आपके जीवन का भी हिस्सा बन गया है। ये हम लोगों की विशेषता है कि हम कर्मभूमि से तन-मन से जुड़ जाते हैं, खप जाते हैं, लेकिन मातृभूमि की जड़ों से जो जुड़ाव है, उससे कभी दूरी नहीं बनने देते हैं। यही हमारा सबसे बड़ा सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जब अपने ऐतिहासिक संबोधन के लिए शिकागो जा रहे थे, उससे पहले वो जापान आए थे। जापान ने उनके मन मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव छोड़ा हुआ था। जापान के लोगों की देशभक्ति, जापान के लोगों का आत्मविश्वास, स्वच्छता के लिए जापान के लोगों की जागरूकता की उन्होंने खुलकर प्रशंसा की थी। जापान से हमारा रिश्ता सामर्थ्य का है, सम्मान का है, विश्व के लिए साझे संकल्प का है। जापान से हमारा रिश्ता बुद्ध का है, बौद्ध का है, ज्ञान का है, ध्यान का है। प्रधानमंत्री मोदी ने टोक्यो में एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज की दुनिया को भगवान बुद्ध के विचारों पर, उनके बताए रास्ते पर चलने की बहुत जरूरत है। यही रास्ता है जो आज दुनिया की हर चुनौती, चाहे वो हिंसा हो, अराजकता हो, आतंकवाद हो, जलवायु परिवर्तन हो, इन सबसे मानवता को बचाने के लिए मददगार है। उन्होंने कहा कि मुझे अपने जीवन में मिली शिक्षाओं की वजह से मैंने एक आदत विकसित की है। वह यह है कि मुझे मक्खन पर लकीर खींचने में मजा नहीं आता, मैं पत्थर पर लकीर खींचने में यकीन रखता हूं।







उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में भी भारत और जापान के सांस्कृतिक संबंधों को हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। मैं काशी का सांसद होने के नाते बड़े गर्व से कह सकता हूं कि जापान के पूर्व प्रधानमंत्री आबे जब काशी आए थे, तब उन्होंने एक बहुत बढ़िया सौगात काशी को दी। काशी में जापान के सहयोग से बना रुद्राक्ष और कभी मेरी कर्मभूमि रही अहमदाबाद में जेन गार्डन और कैजान अकादमी, ये ऐसी बातें हैं जो हमें निकट लाती हैं।

**कोरोना पर बोले पीएम मोदी:** उन्होंने कहा कि कोरोना से दुनिया के सामने 100 साल का सबसे बड़ा संकट पैदा हुआ। ये जब शुरू हुआ तो किसी को पता नहीं था कि आगे क्या होगा। किसी को ये पता तक नहीं था कि इसकी वैक्सीन आएगी भी या नहीं आएगी, लेकिन भारत ने उस समय भी दुनिया के देशों को दवाएं भेजीं। भारत में भी कोविड के दौरान अनिश्चितता का माहौल था।

उस समय भी भारत ने दुनिया के देशों को दवाएं भेजीं। जब वैक्सीन उपलब्ध हुईं तब भारत ने 'मेड इन इंडिया' वैक्सीन अपने करोड़ों नागरिकों को भी लगाईं और दुनिया के 100 से अधिक देशों को भी भेजीं।

**क्लाइमेट चेंज पर दिया बड़ा बयान:** उन्होंने कहा कि आज क्लाइमेट चेंज विश्व के सामने एक महत्वपूर्ण संकट बन गया है। हमनें भारत में इस चुनौती को देखा भी और उस चुनौती से स्थाई समाधान के लिए रास्ते खोजने के लिए भी हम आगे बढ़े। भारत ने 2070 तक नेट-जीरो के लिए कमिट किया है।

### भारत में जनता की सरकार: मोदी

**भारत** में आज सही मायने में जनता के नेतृत्व वाली सरकार काम कर रही है। गवर्नेंस का यही मॉडल, डिलिवरी को असरदार बना रहा है। यही लोकतंत्र पर निरंतर मजबूत होते विश्वास का सबसे बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि आज जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तो वो आने वाले 25 साल यानी आजादी के 100वें वर्ष तक हिंदुस्तान को हमें किस ऊंचाई तक पहुंचाना है। आज देश उस रोडमैप को तैयार करने में लगा हुआ है। आपने अपनी स्किल्स से, अपने टैलेंट से अपनी एंटरप्रेन्योरशिप से जापान की इस महान धरती को मंत्रमुग्ध किया है। भारतीयता के रंगों और भारत की संभावनाओं से भी आपको जापान को लगातार परिचित कराना है। मेरा मानना है कि हर किसी को एक बार जापान आकर यहां का अनुशासन सीखना चाहिए।

### पीएम मोदी की कारोबारियों के साथ गोल मेज बैठक



**टोक्यो:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और जापान स्वाभाविक साझेदार हैं और व्यापारिक समुदाय दोनों देशों के संबंधों की अपार संभावनाओं के ब्रांड एंबेसडर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आज टोक्यो में जापानी व्यापार जगत के नेताओं के साथ एक गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की। इस आयोजन में 34 जापानी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों और सीईओ ने भाग लिया। इनमें से अधिकांश कंपनियों का भारत में निवेश और संचालन है। यह कंपनियां ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, अर्धचालक, इस्पात, प्रौद्योगिकी, व्यापार और बैंकिंग और वित्त सहित विविध क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मार्च 2022 में प्रधानमंत्री किशिदा की भारत यात्रा के दौरान।

# ज्ञानवापी मामले में आज आएगा फैसला

**वाराणसी:** ज्ञानवापी विवाद पर सोमवार को पहली बार जिला अदालत में 45 मिनट तक सुनवाई हुई। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी यानी मुस्लिम पक्ष के वकील ने अभय नाथ यादव ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मद्देनजर मुकदमे की पोषणीयता पर सुनवाई की मांग की। यानी यह पूरा मामला कोर्ट में सुनवाई के लायक है या नहीं। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु जैन ने पहले कमीशन कार्यवाही की रिपोर्ट और वीडियोग्राफी-फोटोग्राफी कोर्ट में पढ़ने की मांग की। क्योंकि, अब रिपोर्ट कोर्ट का हिस्सा है। उस पर आपत्ति दाखिल की जा सके। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है। कोर्ट 24 मई को इस पर फैसला सुनाएगी।



**19 वकीलों और चार याचिकाकर्ता ही कोर्ट रूम में मौजूद रहे:** दोनों पक्षों ने बारी-बारी से अपनी बातों को रखा। इस दौरान दोनों पक्षों के 19 वकीलों और चार याचिकाकर्ता ही कोर्ट रूम में मौजूद रहे हैं। कोर्ट कमिश्नर रहे अजय मिश्रा को कोर्ट रूम जाने से रोक दिया गया। बताया जा रहा है कि लिस्ट में नाम नहीं होने की वजह से उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। बाहर बड़ी संख्या में जवान तैनात रहे।

**विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत ने भी दाखिल की याचिका:** काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी सोमवार को जिला जज की अदालत में याचिका दाखिल करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग के स्नान, भोग-राग, श्रृंगार और पूजापाठ का अधिकार उन्हें दिया जाए। उन्होंने कहा कि हम न्यायिक तरीके से अपने भगवान विश्वेश्वर की पूजा का अधिकार मांगने आए हैं।

### जो बाइडेन की चीन को चेतावनी

**टोक्यो:** यूक्रेन जंग के बीच ताइवान को डराने में जुटे चीन को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पहली बार खुली चेतावनी दी है। क्वाड बैठक में हिस्सा लेने जापान पहुंचे बाइडेन ने एक बैठक में कहा कि अगर चीन की ओर से ताइवान पर हमला किया जाता है तो अमेरिका मिलिट्री एक्शन लेगा। उन्होंने कहा कि ताइवान की सीमा पर घुसपैठ करके चीन खतरा मोल ले रहा है।

**ताइवान को हथियार देता है अमेरिका:** बाइडेन ने कहा कि यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद ताइवान की रक्षा की जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई है।

# विधायकों को सीएम नीतीश का फरमान

### अगले 72 घंटे पटना से बाहर नहीं जाएं विधायक, नीतीश कुमार ने 27 मई को जाति आधारित जनगणना पर सर्वदलीय बैठक बुलाई



**पटना:** बिहार में जारी सियासी उठापटक के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 27 मई को जाति आधारित जनगणना पर सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी से राय ली जाएगी। इसके बाद प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 मई को होने वाली बैठक पर कुछ दलों के साथ बातचीत हुई है। वहीं अन्य दलों की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

**बिहार में कुछ बड़ा होने वाला है:** बिहार की सियासत में कुछ बड़ा होने की उम्मीद है। दरअसल, नीतीश कुमार अपने पार्टी के विधायकों को अगले 72 घंटे के लिए पटना में रहने का भी फरमान सुना चुके हैं। इसके बाद उन्होंने जातिगत जनगणना पर सर्वदलीय बैठक का एलान कर दिया है। पिछले कुछ घटनाक्रमों को देखें तो पिछले दिनों हुई इफ्तार पार्टियों ने नीतीश और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच दूरियों को भी खत्म करने का काम किया था। वहीं जातिगत जनगणना के मुद्दे पर आरजेडी और नीतीश कुमार पहले से ही एक राय हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि नीतीश जल्द ही भाजपा को बड़ा झटका दे सकते हैं। गौरतलब है कि नीतीश और आरजेडी जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं तो भाजपा इस मुद्दे से दूरी बनाने का प्रयास कर रही है।

**आरसीपी पर भी फंसा पेंच:** बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए चुनाव होने वाले हैं।

## 'हर सिख लाइसेंसी मॉडर्न हथियार रखे'

**अमृतसर:** अमृतसर में श्री अकाल तख्त के जत्थेदार हरप्रीत सिंह ने कहा है कि हर सिख मॉडर्न लाइसेंस हथियार रखने की कोशिश करे। उन्होंने मीरी-पीरी के संस्थापक गुरु हरगोबिंद साहिब के गुरुता गद्दी दिवस पर संगत के नाम जारी संदेश में यह बात कही। जत्थेदार हरप्रीत सिंह ने कहा कि गुरु हरगोबिंद साहिब ने चार युद्ध लड़े और चारों ही जीते। अब वक्त आ गया है कि सिख बाणी पढ़कर बलवान हों और हर सिख शस्त्रधारी बने। उन्होंने कहा कि गुरु हरगोबिंद सिंह का मीरी-पीरी का संदेश आज भी कारगर है। सिखों को नवीनतम गतका, तलवारबाजी, तीरंदाजी का अभ्यास करने के साथ गुरुओं का नाम जपना चाहिए।

**समय की जरूरत हैं हथियार:** अमृतसर के गोल्डन टेंपल में गुरु हरगोबिंद साहिब का गुरुता गद्दी दिवस मनाया जा रहा है। इसी मौके पर जत्थेदार हरप्रीत सिंह ने कहा कि हर सिख को लाइसेंसी मॉर्डन हथियार लीगल तरीके से रखने की कोशिश करनी चाहिए। समय इसी तरह का है और हालात भी ऐसे ही हो चुके हैं।

**नशे से दूर रहने को भी कहा:** ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि नशा घर तबाह कर रहा है। नशे से दूर रहने का एक ही तरीका है कि हम

## 'कांग्रेस का वजूद वेंटिलेटर पर, इसके नेताओं की बेवकूफी एक्सेलरेटर पर'

**नई दिल्ली: कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की ओर से लंदन में की गई टिप्पणी पर सियासी घमासान जारी है। अब केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कांग्रेस का वजूद वेंटिलेटर पर है, लेकिन इसके नेताओं की बेवकूफी एक्सेलरेटर पर है। उन्होंने यह दावा भी किया कि कांग्रेस के नेता विदेश जाकर देश को बदनाम कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीते शुक्रवार को मोदी सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा था कि पाकिस्तान की तरह ही भारत में भी अदृश्य ताकतें देश को खोखला कर रही हैं। लंदन में आयोजित एक सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी ने यह दावा भी किया था कि भारत की आत्मा पर भाजपा का हमला हो रहा है और बिना आवाज की आत्मा का कोई मतलब नहीं है तथा जो हुआ है वह यह है कि भारत की आवाज को कुचल दिया गया है। राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता नकवी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस की इसी विकार धारा ने कभी मुल्क की पार्टी कहे जाने वाले दल को ऐसा बना दिया जिसकी पूछ मोहल्ले में भी नहीं है। आज कांग्रेस का वजूद वेंटीलेटर पर है फिर भी इनके नेताओं की बेवकूफी एक्सेलरेटर (तेज रफ्तार) पर है। नकवी ने कहा कि कांग्रेस के नेता विदेश जा कर भारत को बदनाम करते हैं। भारत की तुलना पाकिस्तान, श्रीलंका या किसी अन्य देश से करते हैं, तो कभी देश में डर और नफरत हो गयी है ।



### जब तक मदरसे रहेंगे, तब तक बच्चे इंजीनियर-डॉक्टर बनने का सोच भी नहीं पाएंगे

# मदरसों का अस्तित्व खत्म हो: सीएम हिमंत बिस्वा

**नई दिल्ली:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि मदरसें का अस्तित्व खत्म हो जाना चाहिए। ये बात उन्होंने दिल्ली में समारोह को संबोधित करने के दौरान कही है। उन्होंने कहा कि जब तक मदरसे रहेंगें तब तक बच्चे इंजीनियर और डॉक्टर बनने तक का नहीं सोच पाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आप बच्चों को धर्म से जुड़ी शिक्षा देना चाहते हैं तो घर पर दें, उसके लिए मदरसें का होना जरूरी नहीं है। साथ ही कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा से सामान्य शिक्षा को बढ़ावा दे रहा है।

**बच्चों के भविष्य की जताई चिंता:** बिसवा 'पाञ्चजन्य' पत्रिका की 75वीं वर्षगांठ पर एक इवेंट में पहुंचे थे। इस दौरान वे मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी हैदराबाद के पूर्व वाइस चांसलर के सवालों के जवाब दे रहे थे, जब उन्होंने मदरसों को लेकर बच्चों के भविष्य की चिंता जताते हुए जवाब दिया।



**नहीं बन पाएंगे इंजीनियर या डॉक्टर:** **सीएम** ने कहा कि मदरसा में जाने वाले बच्चे पढ़ाई में काफी पीछे हैं। इसका असर उनके भविष्य पर पड़ रहा है। मदरसा को शिक्षा देने के लिए एक बेहतर शिक्षा संस्थान में बदला जा सकता है। बच्चों को सांइस, मैथ्स, बायो सांइस जैसे सब्जेक्ट पढ़ाए जाने चाहिए, जिससे वे आगे जाकर इंजीनियर, डॉक्टर, प्रोफेसर बनें। लेकिन जब तक मदरसे शब्द रहेगा, तब तक बच्चे आगे नहीं बढ़ पाएगें। अगर उन्हें पहले ही बता दिया जाए कि वे यहां जाने से इंजीनियर या डॉक्टर नहीं बन पाएंगे तो वे खुद ही जाने से मना कर देंगे।

**घर में ही पढ़ाएं कुरान:** उन्होंने कहा- सभी से मेरी अपील है कि बच्चों को अगर कुरान पढ़ाना ही चाहते हैं तो घर में ही पढ़ाएं, क्योंकि घर से बेहतर जगह कोई नहीं है। इसके लिए उन्हें मदरसें में भेजा जाए ये जरूरी नहीं है। छोटी उम्र से ही बच्चों को वहां भेजकर आप उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

## मुस्लिमों को भड़काया जा रहा: महबूबा

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को भाजपा के खिलाफ तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा सरकार ब्रिटिश राज की तरह बर्ताव कर रही है। लोगों को धर्म के नाम पर लड़ाया जा रहा है। मुस्लिमों को लगातार भड़काया जा रहा है और गुजरात कांड को दोहराने की साजिश रची जा रही है। महबूबा मुफ्ती ने आगे कहा कि मुसलमानों को परेशान करने के लिए भाजपा के मुख्यमंत्रियों के बीच होड़ लगी हुई है कि कौन इन्हें ज्यादा परेशान कर सकता है। इसलिए मंदिर और मस्जिद का मुद्दा उठाया जा रहा है। देश में इस समय प्रतियोगिता चल रही है कि गुजरात मॉडल लागू करना है या यूपी मॉडल या मध्य प्रदेश मॉडल लागू करना है। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री तो उनसे भी दो कदम आगे बढ़ गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 1947 से पहले अंग्रेजों ने हिंदू और मुसलमानों को लड़ाया था। आज अंग्रेजों की तरह भाजपा के नेता और मुख्यमंत्री व्यवहार कर रहे हैं। इन सब हालातों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खामोश हैं। वह देश के प्रधानमंत्री हैं।



## खबर संक्षेप

### विवादित जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा पीड़ित ने दी थाने में तहरीर

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के बादलपुर निवासी रामखेलावन पुत्र बुधराम का आरोप है कि कोर्ट में गाटा संख्या 386 लगभग 2 बीघे जमीन का मुकदमा राजस्व न्यायालय सोरांव में बटवारे का मुकदमा चल रहा है। बावजूद विपक्षी गया प्रसाद पटेल पुत्र खद्दर निवासी बादलपुर गुंडई के बल पर अवैध निर्माण कर रहे हैं। जब राम खेलावन और राम कुमार पुत्रगण बुधराम ने उक्त विवादित भूमि पर निर्माण न करने की बात कही तो आरोप है कि विपक्षियों ने एकजुट होकर मारे पीटे व गाली गलौज दिए। जिससे पीड़ित पक्ष की महिलाएं डर गई। और जान बचाने के लिए घर के अंदर चली गई। फिर भी विपक्षियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ किए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनो पक्षों को थाने ले आई।और शाम तक शांति भंग में चालान कर दिया। बात तो तब बिगड़ने की आ गई। जब शांति भंग में जमानत करवा कर गए। तो विपक्षी जीतेंद्र कुमार पुत्र गया प्रसाद, व गया प्रसाद पुत्र खद्दर व आशीष कुमार पुत्र विमल चंद्र, अयोध्या प्रसाद पुत्र खद्दर सहित दर्जनों लोगों ने लाठी डंडे और कुछ बाहरी लोगों की मदद से पुनः निर्माण शुरू कर दिया है। जिससे दोनो पक्षों के शांति भंग हो सकती है।

# धूलभरी आंधी के बाद तेज बारिश,33 डिग्री तापमान के साथ मौसम हुआ सुहाना

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मौसम ने करवट बदल दी है। अपराह्न बजे अचानक तेज हवा के साथ धूलभरी आंधी और शाम 6 बजे शुरू हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। तेज बारिश और ठंडी हवा चलने के कारण तापमान ने 9 डिग्री का गोता खाया है। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली है।प्रयागराज में सोमवार की सुबह तेज धूप निकली थी। दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी आ गई। आंधी आने और ठंडी हवा चलने से तापमान में अपराह्न 4 बजे तक 5 डिग्री गिरावट दर्ज किया गया। शाम 6 बजे से तेज बारिश होना शुरू हो गया जिससे तापमान 4 डिग्री और नीचे खिसककर 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।दो दिन पहले आई धूलभरी आंधी के कारण तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई थी। मई के दूसरे सप्ताह में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि 23 मई को 11:00 बजे 39 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञानियों ने गुरुवार को धूल भरी तेज आंधी आने की संभावना व्यक्त की थी। इस सप्ताह तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।



मौसम सुहाना होने के बाद बादलों में धूल भरी छाई आंधी

**इस सप्ताह सूरज की चलेगी लुकाछिपी :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष व मौसम विज्ञानी प्रोफेसर या सिद्धकी ने बताया कि इस सप्ताह पश्चिमी विक्षोभ के कारण पूरे सप्ताह आसमान में बादल छाए रहेंगे। बूंदाबांदी भी हो सकती है। गुरुवार को तेज धूल भरी आंधी आने की संभावना है।

**ऐसे रहेगा इस सप्ताह का तापमान :** मंगलवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। बुधवार को 37 डिग्री अधिकतम पर 26 डिग्री न्यूनतम, गुरुवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री न्यूनतम तापमान 28 डिग्री, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री व न्यूनतम 29 शनिवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री व न्यनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इस दौरान 15 से 20 किलोमीटर की स्पीड से हवाएं चलेंगी। हवा तेज चलने के कारण सूर्य देव की तल्खी का असर कम रहेगा।

**अभी कुछ दिन आसमान में छाए रहेंगे बादल :** मौसम ने पूवार्नुमान जताया है कि मंगलवार से मौसम में और तेजी से बदलाव आएगा। मंगलवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे। इससे लोगों को तेज धूप और लू से राहत मिलेगी। अधिकतम तापमान में भी 7 डिग्री तक गिरावट दर्ज की जाएगी। आद्रता अभी 60 फीसद तक दर्ज की जा रही है।



धूल भरी आंधी के साथ रिमझिम हुई बारिश

## मेजा रोड में धूल भरी आंधी से जनजीवन अस्त व्यस्त

**मेजा रोड।** धूलभरी आंधी के बाद पानी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। धूलभरी आंधी से बाइक सवार व साइकिल सवारों को चलने मे काफी दिक्कतें झेलनी पड़ी। धूलभरी आंधी के बाद चल रही तेज हवाओं के बीच आसमान मे बादलों ने डेरा डाल लिया और बारिश के आसार दिखाई देने लगे। वहीं गांवों में धूलभरी आंधी से लोग घरों में दुबक गए तो बाजारों में भी दुकानदार दुकानों के शटर बंद कर दिया। जिससे काफी परेशानी हुई। रिमझिम बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। काले बादलों को देखकर ऐसा लग रहा है कि बारिश होगी। देखते ही देखते तेज हवाओं के बीच बारिश शुरू हो गई।

**तेज आंधी के साथ हुई मूसलाधार बारिश,शादी ब्याह वाले घरों में मची अफरा तफरी : पसना।** तीन दिनों से लगातार बिगड़े मौसम के मिजाज ने आज धूल भरी आंधी के साथ झमां झम बारिश करके जनमानस को तपती गर्मी से राहत तो जरूर दे दी,लेकिन मानसून की पहली बारिश ने शादियों के माहौल में खलल पैदा कर दिया।आंधी-पानी के कारण पेड़ो के गिरने से कई जगह बिजली के तार एव खंबे टूटने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से धड़ाम हो गई।शादी-ब्याह वाले घरों में तेज आंधी टेंट कनाट सब उखड़ गए,जिसके कारण मेजबान को किसी तरह कार्यक्रम सम्पन्न होने की चिंता सताने लगी।अगले कई दिनों तक अगर मौसम का रुख इसी तरह रहा तो आगामी तारीखों पर होने वाली शादियों में भी रंग में भंग पड़ सकता है।

## मोदी सरकार के 8 वर्ष पूरे, कार्य कताओं की हुई विशेष बैठक

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल सहसों की एक आवश्यक बैठक रविवार को सुखदेव सिंह महाविद्यालय हसनपुर कसेरुआ कला में संपन्न हुई । बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात वंदे मातरम गीत के साथ हुआ । बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष गंगापार अमरनाथ तिवार ने आए हुए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा जो कार्यक्रम आए हैं उसके संबंध में कार्यकताओं को जानकारी होनी चाहिए। जो पार्टी ने मुख्य कार्यक्रम बनाए हैं उसमें 30 मई से लेकर के 15 जून तक गांव में तालाबों की सफाई का कार्यक्रम बनाया गया है इसके पश्चात वृक्षारोपण का कार्यक्रम बनाया गया है एवं किसान मोर्चा को किसानों के खेतों की मिट्टी की जांच कराने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कहा गया है। सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर यह कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं इसके अतिरिक्त युवा मोर्चा के लिए 3 दिन का बाइक रैली का कार्यक्रम बनाया गया है जिसमें हर मंडल से कम से कम 75 मोटरसाइकिलों के माध्यम से कम से कम 150 कार्यकर्ता पूरी विधानसभा में भ्रमण करेंगे इस 3 दिन के कार्यक्रम में दो रात्रि विश्राम किया जाएगा। मौके पर उपस्थित मुख्य वक्ता भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि पार्टी ने जो कार्यक्रम बनाए हैं निश्चित रूप से पार्टी को उसे लाभ मिलेगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज ने कहा पार्टी द्वारा दिए गए कार्यों को कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और इमानदारी के साथ समय पर पूरा करके देंगे। संचालन मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से लाल चंद्र पटेल, जय प्रकाश दूबे, संजय सिंह, भूपेंद्र मिश्रा, नरेंद्र कुशवाहा, राज धर द्विवेदी, पुष्कर सिंह, अमन सिंह राजपूत, श्रीकांत तिवारी, विमल मिश्रा, डॉ राजेंद्र वर्मा, राकेश प्रसाद मिश्र, राजेश सरोज, दया सिंह, शुभम शुक्ला, सतीश सोनी, महेश सिंह, बजरंग बहादुर सिंह, राम सुथार बिंद, संतोष सिंह, लव कुश बिंद, आलोक सरोज सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधायक करछना के नेतृत्व में 4 जून को होगा वृहद् वृक्षारोपण कार्य : राजेश शुक्ला


**करछना।** प्रयागराज 4 जून को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल 30 मई को 8 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। जिसके उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वारा बृहद वृक्षारोपण व तालाब की सफाई का कार्यक्रम रखा गया है । भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष यमुनापार राजेश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मई को नरेंद्र मोदी अपने कार्यकाल के 8 वर्ष पूरे कर रहे हैं। ऐसे में विधानसभा करछना क्षेत्र के महेवा, कुंजल वैश्य का पूरा ग्राम सभा में 4 जून को जिला अध्यक्ष अरुण सिंह की अगुवाई में तालाब की सफाई एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के सहयोग से व्यापक पैमाने पर पौधरोपण व तालाब की सफाई का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करछना विधायक पियूष रंजन निषाद ,प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार द्विवेदी होंगे। यह अभियान सुबह 9 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक चलेगा।

# तेज हवाओं संग हुई झमाझम बारिश,तपिश से मिली निजात

## शंकरगढ़ क्षेत्र के कई गांवों में पोल और तार टूटने से अंधेरे में डूबे कई गांव, बिजली व्यवस्था चरमराई,पेड़ गिरने से आवागमन भी प्रभावित

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** सोमवार को तेज हवाओं संग झमाझम बारिश हुई।जिस कारण दो माह से भीषण तपिश से जल रहे लोगों को राहत मिली।वहीं क्षेत्र में तेज आंधी के कारण पेड़,पोल,तार व खंभा गिरने से विद्युत सप्लाई बाधित रही। बीते तीन दिनों से निरंतर बादलों के डेरा और हवाओं के झोकों से बने हालात का असर सोमवार को देखने को मिला। सोमवार को दूसरे पहर अचानक मौसम ने ली अंगड़ाई और तेज आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश होने से चारों ओर सड़कें जलमग्न हो गई। वही तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। ठंडी हवा चलने से आमजन को उमस भरी गर्मी से तो राहत मिली लेकिन बिजली नदारद हो गई।बारिश से नगर पंचायत शंकरगढ़ के कई गली मोहल्लों में जलभराव हो गया। सबसे ज्यादा परेशानी लाइन पारवासियों को हुई।जल भराव से दुकान और घरों के अंदर तक पानी पहुंच गया और लोग परेशान रहे। इसीतरह नारीबारी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था प्रभावित रही। ग्रामवासियों का कहना है कि कर्मचारियों की लापरवाही के कारण दिनों-दिन विद्युत व्यवस्था चरमराती जा रही है। गौरा पावर हाउस अन्तर्गत कई गांव पूरी तरह से तीन दिन से अंधेरे में डूबे हुए हैं। विभागीय लापरवाही इतनी बढ़ गई है कि लगातार शिकायतों के बावजूद ढ़ीले तार व टेढ़े विद्युत के पोल को विभाग सही नही करा पा रहा है, जिसका खामियाजा आए दिन स्थानीय उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है।बिजली बाधित होने से पीने के पानी की भी समस्या उठ खड़ी हुई है। सोमवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी के आवास के सामने शंकरगढ नारीबारी मुख्य मार्ग में आंधी से पेड़ उखड़ गए, जिससें तार और पोल टूट गए।जिस कारण शंकरगढ़-नारीबारी मुख्यमार्ग बाधित रहा।





# बिजली की चिंगारी से घर में लगी आग, गृहस्थी जलकर राख

अखंड भारत संदेश

### 50 हजार नकदी समेत अनाज कपड़े चारपाई साइकिल जले

**रत्योंरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के खजुरी कला गांव में सोमवार को दोपहर बाद 2 बजे के आसपास अचानक बिजली शॉर्ट सर्किट की चिंगारी से छप्परनुमे घर में लगी आग से नकदी समेत घर में रखे संपूर्ण सामान अनाज कपड़े आदि जलकर राख हो गए। जानकारी के मुताबिक राम सागर पुत्र रामचंद्र यादव पिता से अलग रहकर लगभग 6 वर्ष से खजुरी कला गांव के कोरांव देवघाट मार्ग पर छप्परनुमा मकान बनाकर परिवार के साथ रहता है। किसान परिवार के रामसागर बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। पत्नी समेत बच्चे घर की किसानी एवं गृहस्थी का काम देखते हैं। रामसागर अभी कुछ दिन पहले ही अपने गांव आया था घर के ठीक बगल में बोर कराने की पूरी तैयारी थी। मंगलवार को पीने के पानी की व्यवस्था के लिए बोर कराना सुनिश्चित था। जिसके लिए घर में 50 हजार नकदी भी रखे थे। शार्ट सर्किट से लगी आग की इस घटना में नकदी समेत घर में रखे गृहस्थी के संपूर्ण सामान गैस सिलेंडर, अनाज, कपड़े, जेवरात, चारपाई, व दो साइकिल जलकर राख हो गई। दैवीय आपदा से पीड़ित परिवार के समक्ष दो जून की रोटी के लाले पड़ गए हैं। ग्राम प्रधान आनंद यादव ने पीड़ित परिवार को भोजन के लिए राशन की व्यवस्था कराई। दोपहर बाद 3 बजे के आसपास अचानक मौसम का मिजाज भी बिगड़ गया। तेज तूफान के साथ बारिश भी होने लगी। जिससे रात्रि विश्राम के लिए भी पीड़ित परिवार को शरण नहीं रह गई। पीड़ित परिवार रात्रि विश्राम कैसे करेगा और कहां करेगा इसके लिए भी संकट छा गए। घटना के बाद पत्नी दहाड़े मार मार कर रो रही थी। बड़े बेटे शुभम एवं सत्यम तथा बेटी रोली एवं सिमरन का भी रो रो कर बुरा हाल था। पत्नी पैसे जल जाने की बात कहते हुए रो रो कर बता रही थी कि बोर कराने के लिए रखे पैसे भी जल गए। कोरांव की गाड़ी सर्विस में जाने से देर से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी

फायर सर्विस स्टेशन कोरांव में फायर ब्रिगेड की एक ही गाड़ी होने के नाते सोमवार को फायर ब्रिगेड की गाड़ी सर्विस कराने के लिए प्रयागराज गई हुई थी। सूचना पर मेजा से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मंगवाई गई। जिससे गाड़ी देर से पहुंची। जब तक गाड़ी स्थल पर पहुंची तब तक गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी। आग लगने के स्थल पर पानी भी नजदीक नहीं था जिससे ग्रामीण भी बेकाबू आग को काबू में नहीं कर सके और लोगों के देखते ही देखते परिवार की गृहस्थी जलकर राख हो गई।




आग से पूरी गृहस्थी खाक सदमे में परिवार

### परिजनों ने प्रेमी युगल को पुलिस को सौंपा ,मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक युवक ने एक किशोरी को अपने प्रेम जाल में फसा कर भगा ले जाने का सौदा महंगा पड़ गया। दोनों युगल को परिजनों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। किशोरी के पिता ने प्रेमी युवक के खिलाफ अपहरण और दुराचार पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल चेकअप के लिए भेज दिया तथा युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है । प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक 15 वर्षीय किशोरी का मऊआइमा क्षेत्र के ही एक गांव के एक युवक से काफी दिनों से प्रेम प्रपंच चल रहा था । बताते हैं कि प्रायः किशोरी युवक के घर रात में पहुंच जाती थी जहां दोनों में नाजायज सम्बंध स्थापित थे। युवक एक मोबाइल खरीद कर किशोरी को दिया थ। किशोरी के पिता के मुताबिक 18 मई को उसकी 15 वर्षीय पुत्री को युवक लेकर भाग गया था। जिसे परिजनों ने सोमवार को दोनों को पुलिस को सौंप दिए।घंटों चली पंचायत के बाद मामला जब तय नहीं हुआ तो किशोरी के पिता ने बेटी के प्रेमी राजा बाबू पुत्र दिनेश कुमार के खिलाफ बेटी को अपहरण करने एंव दुराचार और पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया। पुलिस ने किशोरी को डाक्टरी चेकअप के लिए भेज कर प्रेमी युवक राजा बाबू से पूछताछ कर रही है।

## संविदाकर्मियों को मानदेय देने के नाम पर हीलाहवाली



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में हर महीने संविदाकर्मियों को मानदेय देने के नाम पर हीलाहवाली करना शायद विभागीय अधिकारियों का शगल बनकर रह गया है। संविदा विद्युत कर्मचारियों को हर महीने प्रदेश सरकार से मिलने वाले मानदेय को रोककर या फिर यूं कहें कि परेशान करके देने से संविदाकर्मी के परिजन भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं। संविदाकर्मी अधिकारियों को अपनी समस्याएं सुनाते-सुनाते थक-हारकर जब कार्यविरत हो जाते हैं तब कहीं अधिकारियों के कानों पर जूं रेंगता है। कुछ इसी तरह अप्रैल माह 2022 के मानदेय को लेकर संविदा कर्मियों और अधिकारियों के बीच नूराकुश्ती चल रहा है। विभागीय सूत्रों की मानें तो सोमवार शाम पांच बजे छठवें दिन संविदा कर्मचारी संघ पूर्ण रूपेण काम ठप हड़ताल करने का निर्णय ले सकते हैं। संविदाकर्मियों का कहना है कि हर महीने प्रदेश सरकार से मिलने वाले मानदेय नहीं दिया गया तो आने वाले समय मे पूर्ण रूप से काम ठप कर हड़ताल किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग के अधिकारियों की होगी।

## मनोज कुमार सिंह ने प्रभारी बडीओ का ग्रहण किया पदभार



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** विकासखंड सहसों में रिक्त हुए विकास खंड अधिकारी के पद पर सोमवार को नवागंतुक प्रभारी वीडीओ मनोज कुमार सिंह ने अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नवागंतुक प्रभारी वीडीओ का भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, मनापुर उर्फ बगई कला गांव के प्रधान प्रताप बहादुर सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , एवं अवर अभियंता गिरिजा शंकर यादव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए बधाई दी एवं शिष्टाचार मुलाकात किए।

# भागवत कथा के श्रवण से भक्तों को मिलता है परमानंद की प्राप्ति

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का जो भी मनुष्य अपने निर्मल हृदय से तन मन से श्रवण करता है उसके अनुसार चलता है उसको ईश्वर की भक्ति के साथ-साथ परमानंद की प्राप्ति भी होती है। क्षेत्र के कोतारी गांव में सोमवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथा व्यास आचार्य विनोद माधव जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का महात्म की व्याख्यान सुनाते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को शांति व मुक्ति मिलती है।

इस कलिकाल में कथा के श्रवण से व्यक्ति के जन्म जन्मांतर के विकार एवं कष्ट दूर होकर उसे परमानंद की प्राप्ति होती है। कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है। आवश्यकता है निर्मल मन और स्थिर चित्त से कथा श्रवण करने की। भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के सम्पूर्ण कलेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने कहा निर्मल मन प्रभु को स्वीकार्य है और अहंकार ही प्रभु का आहार है। कथा व्यास ने धुंधकारी चरित्र, परीक्षित जन्म एवं सुखदेव की कथा का रसपान कराते हुए कहा मन एवं चित्त की एकाग्रता करके ही श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करना चाहिए तभी इसकी सार्थकता एवं फल की प्राप्ति होगी। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान



## कुढ़वां में ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन उमड़ी भीड़...

**जंघई।** कुढ़वां मिश्रान में गायत्री प्रसाद मिश्र के यहां चल रहे भागवत ज्ञान महायज्ञ के तीसरे दिन पीठासीन जगतगुरु स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज जी ने उपस्थित भक्तों को चतुर्विध पुरुषार्थ धर्म अर्थ काम मोक्ष प्राप्त करने का मात्र साधन भागवत ही है सप्तम स्कंध में प्रहलाद के पिता हिरण्यकशिपु धर्म -अर्थ -काम -मोक्ष को तीव्र गति से नष्ट करने लगा इनके संस्थापक परमात्मा को चिंता हुई उसने मोक्ष साधक संत प्रहलाद को जन्म देकर के उसका विरोध कराया उसे धर्म- अर्थ काम -मोक्ष की स्थापना के लिए प्रहलाद के पिता हिरण्यकशिपु के द्वारा पुरुषार्थ चतुष्टय का विरोध अनुचित मानकर समग्र देवताओं के आग्रह करने पर द्विज - भोजन- मख-हवन-श्राद्ध इन कर्मों का विरोध करने वाले



हिरण्यकशिपु का नरसिंह रूप में प्रकट होकर के प्रहलाद भक्त की रक्षा करते हुए हिरण्यकशिपु का वध किया एवं पुरुषार्थ चतुष्टय की स्थापना भी किया।

विद्वान प्रसाद मिश्र द्वारा आवाहित देवताओं तथा व्यासपीठ की आरती उतारी गई। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया। गया। इस अवसर पर चिंतामणि मिश्र, माताफेर मिश्र, धीरेंद्र कुमार, आशीष कुमार, चिंतामणि शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, विनीत कुमार,अतुल कुमार , आलोक मिश्रा सहित भारी संख्या में भक्तों ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर आनंदित हुए।

### खबर संक्षेप

## स्कूली छात्रों दिन दहाड़े सड़क पर बम फोड़कर फैलाई दहशत, पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में रविवार दोपहर स्कूली छात्रों ने बम फोड़कर दहशत फैला दी। घटना दोपहर 12 बजे के आसपास की है। पत्थर गिरजाघर के पास स्थित एक स्कूल की छुट्टी हुई थी। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर तीन छात्र हेड पोस्ट ऑफिस की तरफ गए। अचानक पीछे बैठे छात्र ने एक के बाद एक दो बम फोड़ दिए।जोरदार धमाके से वहां दहशत फैल गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और एक छात्र को खदेड़कर पकड़ लिया। जबकि उसके दो दोस्त भाग निकले। इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि छात्र नाबालिग था जिसे थाने लाया गया था तो वह माफी मांगने लगा। बाद में परिजनों से बातचीत के बाद उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

### कार्यवृत्ति अनुपालन आख्या ठीक न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी से अनुपालन आख्या और कार्यवृत्ति न प्रेषित किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिये है। उन्होंने अल्ट्रा साउण्ड केन्द्रों के पत्रावलियों का निस्तारण तथा अल्ट्रा साउण्ड केन्द्रो का नवीनी करण, अल्ट्रा साउण्ड केन्द्र पर नये डॉक्टरों के कार्यों का अवलोकन, केन्द्र पर बन्द मशीनों के रिपेयरिंग आदि कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नानक सरन सहित सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।



जिला सलाहकार समिति की बैठक में उपस्थित जिलाअधिकारी

## ओएचई में रुकी पावर सप्लाई, दारागंज में डेढ़ घंटे खड़ी रही लिच्छवी एक्सप्रेस

**प्रयागराज।** सीतामढ़ी से दिल्ली जा रही लिच्छवी एक्सप्रेस सोमवार की शाम दारागंज स्टेशन पर अचानक खड़ी हो गई। ट्रेन काफी देर तक नहीं चली तो उसमें सवार तमाम यात्री नीचे उतर आए। यात्रियों ने ड्राइवर और गार्ड से जानकारी ली तो मालूम पड़ा कि ओवर हेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) में पावर सप्लाई बाधित है। इस दौरान तकरीबन डेढ़ घंटा तक ट्रेन वहां खड़ी रही।लिच्छवी एक्सप्रेस का प्रयागराज जंक्शन पहुंचने का समय शाम छह बजे और प्रयागराज रामबाग पहुंचने का समय शाम 5.35 बजे है। सोमवार को शाम सवा छह बजे के आसपास दारागंज स्टेशन के पास ट्रेन खड़ी हो गई। 15-20 मिनट बाद ट्रेन नहीं चली तो तमाम यात्री नीचे उतर गए। वहां ओएचई से इंजन को मिलने वाली पावर सप्लाई ठप होने की बात सामने आई।पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के पीआरओ अशोक कुमार ने बताया कि सप्लाई ठीक होने के बाद ट्रेन वहां से चली। इस दौरान 85 मिनट ट्रेन वहां खड़ी रही। बाद में लिच्छवी शाम 7.35 बजे प्रयागराज रामबाग पहुंच सकी।




न्यू आर एस जे स्कूल के पूरा छात्र रहे प्रथम प्रकाश को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य

## प्रथम प्रकाश का गूगल लन्दन में चयन होने पर मिली बधाई

**झूंसी।** क्षेत्र के रहने वाले प्रथम प्रकाश गुप्ता का गूगल लंदन में 1.48 करोड़ के पैकेज पर चयन होने पर सोमवार को न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया। प्रथम प्रकाश न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र रहे हैं। 2016 इंटर की परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जिसके बाद ट्रिपल आईटी इलाहाबाद से इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी बीटेक, एमटेक किया। प्रथम प्रकाश का पहला चयन आमेजन वर्जिन में 1.8 करोड़ पर हुआ पर उन्होंने गूगल लंदन में अपनी सेवा देने का निर्णय लिया है। इस उपलब्धि के लिए न्यू आर एस जे पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य ने उन्हें सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं प्रथम प्रकाश गुप्ता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने स्कूल कॉलेज के प्रधानाचार्य शिक्षकों के साथ अभिभावकों को दिया।



समर कैंप के समापन दिवस पर बच्चों के साथ शिक्षक व शिक्षिकाएं

# चार दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने किया धमाल

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** अंदावा स्थित महेंद्र प्रताप सिंह स्कूल में आयेजित पाच दिवसीय समर कैम्प में बच्चो ने खूब मजे किये। रविवार को कैम्प के समापन दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पाच दिनों तक चले समर कैम्प में स्कूल के बच्चो ने योग, ताईकांडो, नृत्य, गायन, शिल्प, कला आदि कार्यक्रमों में बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग कर खूब मजा किया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय की ट्रस्टी गोल्डी सिंह कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के कैंप के आयोजन से बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। समापन दिवस के अवसर पर डॉ उषा हैमिल्टन, प्रधानाचार्य शीना मरियम सहित स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

# पूर्व पार्षद के भतीजे ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राजरूपपुर में पूर्व पार्षद के भतीजे अजेंद्र सिंह उर्फ सैंकी यादव (30) फांसी पर लटक गया। सुबह बहुत देर तक घर से बाहर नहीं निकलने पर परिजन उसे बुलाने पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। परिजन भी घटना के बाबत कुछ बता नहीं पाए हैं। पुलिस का कहना है कि घरेलू कलह की भी बात सामने आई है। जांच पड़ताल की जा रही है। अजेंद्र कौशाम्बी स्थित एक कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। उसके चाचा महेंद्र यादव पार्षद रह चुके हैं। परिवार में मां व बहन हैं। बहन की शादी हो चुकी है लेकिन कुछ दिनों पहले एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आई थी और तब से यहीं रुकी हुई थी। पुलिस के मुताबिक, परिवारवालों ने बताया कि रोज की तरह रविवार रात भी खाना खाने के बाद वह भूतल स्थित अपने कमरे में सोने चला गया।

### बहन बुलाने गई तो बंद मिला दरवाजा

मां बगल में ही एक और मकान बनवा रही है और सुबह वह वहां चली गई। करीब 11 बजे तक अजेंद्र बाहर नहीं निकला तो बहन उसे बुलाने पहुंची। दरवाजा भीतर से बंद था और कई बार आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे और फिर लकड़ी के दरवाजे में छेद कर भीतर देखा गया तो वह फांसी पर लटका मिला। जानकारी मिली तो मां समेत परिवार के अन्य लोग भी आ गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धूमनगंज पुलिस ने बताया कि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया, इस बारे में घरवाले कुछ बता नहीं पाए हैं। ऐसी बात है कि किसी बात को लेकर रात में घर में कुछ विवाद हुआ था। जांच पड़ताल की जा रही है।



स्कूली बच्चों के समक्ष जागरूक करते हैं दुकान जी

# प्रयागराज को स्वच्छता के प्रति नंबर वन बनाने को जागरूक करते दुकान जी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर को स्वच्छता के प्रति नम्बर वन बनाने के लिए कि शहर के नागरिकों से अपिल है कि नगर निगम के स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी अपने घर कार्यालय रैस्टोरेंट के कुडा करकट को आप गली मोहल्ले में लायन वेस्ट मेनेजमेन्ट की कुडा उठाने वाली गाड़ी के सिटी बजाने पर उसे कुडा दे जिसमे सुखा कुडा गिला कुडा के अलग अलग बाक्स लगे है उसमे डाले आप अपने घरो मे दो डस्टबिन रखे गीला कुडा से कम्पोज बना कर उसका उपयोग किया जाता है प्रयागराज को आप सब के सहयोग से स्वच्छता के प्रति नम्बर वन बनाने के लिए नगर निगम के सभी जोनल अधिकारी अपने अपने वार्डो मे घूम घूम कर लोगों को जागरूक के साथ उनके परेशानियो का निवारण करने मे लगे हैं प्रयागराज को नम्बर वन बनाने के लिये पूरे विश्व मे प्रयागराज की अलग पहचान है नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी आप सभी नागरिकों से अपिल कर रहे हैं कि स्वच्छता को मजबूरी नहीं संस्कार मे लाये और शहर को नम्बर वन बनाने के लिए आप सभी 2022 स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नम्बर वन बनाने के लिए लिये अपना कदम बढाये।



## नम आखों के बीच हुई बैंक लिपिक बृजेश पाठक की विदाई

**करछना।** प्रयागराज बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा कौवा बाजार में तकरीबन 3 वर्षों से कर्मचारी के रूप में कार्यरत रहे बृजेश बजेठाका कानपुर जनपद के एक बैंक में अधिकारी के प्रमोशन पर तबादला हो जाने पर बैंक कर्मियों की ओर से सोमवार को सम्मान समारोह सहित विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें फूल मालाओं सहित अंगवस्त्रम भेंट कर लोगों की ओर से सम्मानित किया गया । बैंक से विदाई अवसर पर इस दौरान लोगों की आंखें भी नम हो गई। शाखा प्रबंधक आदर्श कुमार सिंह ने कहा कि बृजेश बजेठा अपनी कर्मठता और कार्यकुशलता से लिपिक से अधिकारी हो गए। उन्होंने कहा कि बैंक कर्मियों समेत सभी ग्राहकों से मिलनसारता व मृदुभाषिता के व्यवहार में अग्रणी रहे। इस मौके पर शाखा प्रबंधक आदर्श कुमार सिंह सर्वेश कुमार संतोष सिंह शक्ति कुमार पांडेय भीम कुमार बैंक कर्मियों के अलावा शशि कांत पांडेय सुनील तिवारी ओमदेव शिवजी यादव राज आदि ग्राहक लोग भी मौजूद रहे।

## स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षाएं सात जून से

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) एवं संघटक महाविद्यालयों की सत्र 2021-22 की स्नातक तृतीय वर्ष की ऑनलाइन परीक्षाएं सात जून से शुरू होने जा रहीं हैं। इविवि प्रशासन ने सोमवार को परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया। तृतीय वर्ष की परीक्षा के लिए तकरीबन 18 हजार छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। स्नातक तृतीय वर्ष की ऑनलाइन परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे और दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न दो बजे से शुरू होगी। परीक्षा 16 जुलाई को समाप्त होगी। पहले दिन बीए संस्कृत एवं बीएससी एवं बीए पर्यावरण विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। अंतिम दिन 16 जुलाई को बीए समाजशास्त्र की परीक्षा होगी। बीए, बीएससी, बीएससी होम साइंस, बीकॉम की तृतीय वर्ष की ऑनलाइन परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रकार (एमसीक्यू मॉडल) के प्रश्न पूछे जाएंगे। सत्र पिछड़ने के कारण परीक्षा में विभिन्न विभागों ने पाठ्यक्रम में जो कटौती भी की है। इसी के अनुरूप प्रश्नपत्र तैयार किए जा रहे हैं। गणित, सांख्यिकी और साहित्य को छोड़कर बाकी सभी विषयों के प्रश्नपत्र दो भाषाओं में होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा।

# नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई ने सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली रैली




सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकालते

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 23 मई सोमवार को डॉ गंगेश दीक्षित विभागाध्यक्ष हिंदी के नेतृत्व मे जागरूकता रैली निकाली गई तथा डॉ दीक्षित ने लोगों को हेलमेट पहनने के लिए व्यक्तिगत रूप से अनुरोध भी किया।आगे 31 मई 2022 तक महाविद्यालय में यातायात एवं सड़क सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे कार्यक्रम का आयोजन बृजेश यादव शारीरिक शिक्षा विभाग ने किया प्राचार्य प्रो. राजीव मालवीय ने रैली को रवाना किया। डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, कुलदीप सोनी, विकास यादव, सुरेंद्र यादव, डॉ पवन कुमार पांडेय, सुनील कन्नौजिया अम्बरीष शर्मा, राकेश तिवारी आदि के सहयोग से जंघई बाजार में रैली निकाली गई। जिसमे स्थानीय लोगों ने काफी सहयोग किया और यातायात के नियमो के पालन का वादा किया रैली में लगभग 70 छात्राएं एवं 20 छात्र उपस्थित रहे।

# रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल होने पर दस पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अनियमितताओं में लिप्त पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई का क्रम जारी है। इसी के तहत जिले में तैनात 10 अन्य पुलिसकर्मियों को भी हटाकर बाहर भेज दिया गया है। इनमें सीओ सिविल लाइंस के स्टेनो व अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। इन सभी को अलग-अलग जनपदों में तैनात किया गया है।सीओ सिविल लाइंस के स्टेनो प्रणय मिश्रा पर रिश्वत मांगने के भी आरोप लगे थे। कुछ दिनों पहले ही प्रयागराज पुलिस के ट्विटर हैंडल पर इस संबंध में एक वीडियो भी पोस्ट किया गया था। इसमें एक व्यक्ति सीओ के स्टेनो और कैंट थाने में तैनात एक सिपाही पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए दिख रहा था। इस मामले में जिला पुलिस की ओर से जांच का आश्वासन दिया गया था।

### ट्विटर पर की गई थीं कई पुलिसकर्मियों की शिकायतें

मामले की शिकायत मिलने पर अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्टेनो को प्रतापगढ़ स्थानांतरित कर दिया। उसके अलावा शिकायतों के आधार पर ही नौ अन्य पुलिसकर्मियों को भी अलग-अलग जिलों में भेजा गया है। इनमें एसओजी में तैनात रहे विक्रम सिंह यादव, अमरेंद्र कुमार सिंह, अंकित मिश्रा, अंगद गिरि, तीरथ राज, स्वतंत्र कुमार, नितेश कुमार मिश्रा, विनय कुमार और नवीन राय शामिल हैं। इन्हें प्रतापगढ़, फतेहपुर व कौशाम्बी में भेजा गया है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ही एडीजी जोन प्रेमप्रकाश ने शिकायतों के आधार पर ही 13 दागी पुलिसकर्मियों को जिले से हटाकर प्रतापगढ़ जनपद से संबद्ध कर दिया था। इनमें एसओजी के मौजूदा व पूर्व में तैनात रह चुके कई पुलिसकर्मी शामिल हैं। आईजी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि उपरोक्त पुलिसकर्मियों के संबंध में कई तरह की शिकायतें मिलीं थीं। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर इनको स्थानांतरित किया गया है।

# जिला पंचायत को है निविदा शर्तें तय करने का अधिकार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रम विभाग में पंजीकृत फर्म को ही ठेका देने की शर्त पूरी न करने वाली याचिका पर हस्तक्षेप से इंकार दिया है। कोर्ट ने कहा कि जिला पंचायत मिजार्पुर को ठेके की शर्तें तय करने का पूरा अधिकार है। यह आदेश न्यायमूर्ति एमके गुप्ता व न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की खंडपीठ ने मेसर्स ओम कांस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर की याचिका को खारिज करते हुए दिया है।याची की ओर से कहा गया कि फर्म लोक निर्माण विभाग, मिजार्पुर में पंजीकृत है। याची ने जिला पंचायत के कई ठेकों की नीलामी में हिस्सा लिया। उसकी दो बोली यह कहते हुए निरस्त कर दी गई कि वह श्रम विभाग में पंजीकृत नहीं है। उसे निविदा शर्तें पूरी न करने के कारण अयोग्य करार दिया गया। याचिका में चार-पांच जनवरी 2022 के आदेश व सात जनवरी 2022 को विपक्षियों को निविदा देने को यह कहते हुए चुनौती दी गई कि शर्तें थोपना उसके अधिकार का उल्लंघन है। उसकी बोली स्वीकार की जाए। वहीं, जिला पंचायत के अधिवक्ता वीके चंदेल का कहना था कि निविदा शर्तें याची को मालूम थीं। यह भी कि श्रम विभाग में पंजीकृत होना जरूरी है। इसके बावजूद उसने निर्धारित योग्यता न होने पर भी नीलामी में हिस्सा लिया। वैसे भी ठेका विपक्षियों को जनवरी 2022 में ही दिया जा चुका है।

## कोरोना से सहायक अध्यापक की मौत का मिलेगा दो नाबालिग बच्चों को मुआवजा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी ललितपुर को निर्देश दिया है कि चुनाव ड्यूटी में कोविड महामारी से मृत सहायक अध्यापक के दो नाबालिग बच्चों की अर्जी दो हफ्ते में अपलोड करें और दो माह के भीतर एक जून 2021 के शासनादेश के तहत मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करें। हाई कोर्ट ने मुआवजा अर्जी अपलोड करने की तिथि 15 जून 2022 तक बढ़ा दी है और कहा है कि यह आदेश विशेष परिस्थितियों को देखते हुए दिया गया है। इसका लाभ अन्य लोगों को नहीं मिलेगा।

**मुआवजा राशि दोनों नाबालिग बच्चों के नाम राष्ट्रीय बैंक में सावधि जमा किया जाय** : हाई कोर्ट ने कहा है कि मुआवजा राशि दोनों नाबालिग बच्चों के नाम राष्ट्रीय बैंक में सावधि जमा किया जाय और बालिग होने तक जिलाधिकारी उनके वैधानिक संरक्षक के मार्फत निगरानी रखें। कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर को भी उन्हे निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही महानिबंधक को रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी तथा न्यायमूर्ति वीडी चौहान की खंडपीठ ने कुमारी प्रियंका व अभिषेक की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।याचिका पर अधिवक्ता जय सिंह यादव ने बहस की। इनका कहना है कि याचीगण के पिता सहायक अध्यापक थे। चुनाव ड्यूटी के दौरान कोरोना से उनकी मौत हो गई। शासनादेश के तहत उन्होंने बीएसए ललितपुर को अर्जी दी लेकिन जिलाधिकारी के मार्फत समय रहते उसे पोर्टल पर अपलोड नहीं करा सके। भगवान सिंह ने कोर्ट से वैधानिक संरक्षक का आदेश लेकर मदद की। सुनवाई न होने पर हाईकोर्ट की शरण ली जिस पर कोर्ट ने बड़ी राहत दी है।

## बंदी के फरार होने के मामले में सिपाही भी सस्पेंड

**प्रयागराज।** केंद्रीय कारागार नैनी से इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराए गए सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी बंदी दीपक पाल के फरार होने के मामले में सिपाही रविकांत को भी निलंबित कर दिया गया। एक दिन पहले हुए इस मामले में जेल वार्डर अर्जुन प्रसाद को निलंबित किया जा चुका है। उधर आरोपी को फरार होने में मदद करने के शक में तीन युवकों को हिरासत में लिया गया है। साथ ही बंदी की तलाश में टीमें लगाई गई हैं। जेल वार्डर के साथ ही सिपाही रविकांत की भी ड्यूटी सुरक्षा में लगाई गई थी। घटना के बाद जेल प्रशासन की ओर से उसके खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट पुलिस अधिकारियों को भेजी गई थी। जिस पर उसके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। मामले में बंदी की मदद करने के शक में नैनी निवासी तीन युवकों को हिरासत में लिया गया है। इनमें से एक हिस्ट्रीशीटर है और दो अन्य युवक डांडी व मामा भांजा इलाके के रहने वाले हैं।फरार बंदी दीपक नैनी के डांडी स्थित पदम इनक्लेव का रहने वाला है और मूल रूप से प्रतापगढ़ के उदयपुर थाना क्षेत्र स्थित मगैती गांव का निवासी है।

# जन सुनवाई शिविर में जुटी भीड़,गलत रीडिंग व बिजली बिल अधिक आने की रही शिकायत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बिजली विभाग द्वारा सोमवार से दो दिवसीय जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। पहले दिन गलत रीडिंग और बिजली का बिल अधिक आने की सर्वाधिक शिकायतें रहीं। कुल 654 शिकायतों में 427 का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को एसडीओ व जेई को जांच कर समाधान के लिए सौंपा गया।उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण को लेकर प्रत्येक सप्ताह के सोमवार और मंगलवार को जनसुनवाई शिविर का आयोजन करने के निर्देश प्रबंध निदेशक द्वारा दिए गए हैं। कहा गया है कि अधीक्षण और अधिशासी अभियंता शिकायतों को सुनेंगे। शिविर के पहले दिन सोमवार को म्योहाल, रामबाग, नैनी, बमरौली, कल्याणी देवी, टैगोर टाउन, करैलाबाग के अधिशासी अभियंताओं ने अपने कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान 654 शिकायतें आईं, जिसमें करीब चार सौ शिकायतें सिर्फ गलत रीडिंग और बिजली का बिल अधिक आने की रहीं। ऐसे लोगों के यहां कर्मचारियों को भेजकर वर्तमान में मीटर रीडिंग कितनी है, उसका वीडियो बनवाया गया। अधिकारियों ने वीडियो देखकर रीडिंग को संशोधित कर दिया।

### जिसका गलत तरीके से बिल बना था, उसे ठीक किया गया

बिजली का बिल अधिक आने की जो शिकायत रहीं, उसमें भी रीडिंग की जांच कराई गई और जिसका गलत तरीके से बिल बनाया गया था, उसे ठीक किया गया। कई लोग घरों के बारजे से बिजली का तार, दरवाजे के पास से खंभा हटाने के लिए शिकायती पत्र लेकर पहुंचे थे। संबंधित उपकेंद्र के एसडीओ और जेई को प्रार्थना पत्र देकर सप्ताहभर के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए गए। मुख्य अभियंता विनोद गंगवार ने बताया कि प्राथमिकता के तहत शिकायतों का निस्तारण किया गया है। सभी डिवीजन के अधिकारियों से इसकी रिपोर्ट मांगी जा रही है।

# लवाना में गिरे ओले तो शहर में धूल भरी आंधी के साथ हल्की वर्षा

## पेड़ गिरने से विद्युत व्यवस्था धड़ाम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़/परियावां।** जिले के पश्चिमी भाग कालाकांकर ब्लाक के लवाना बाजार में तेज आंधी के साथ ओले भी गिरे। लवाना बाजार की सड़कें ओलों से पट गई थी। लोग बाहर निकलकर इस भीषण गर्मी में ओलों का आनंद ले रहे थे।

इधर शहर में धूल भरी आंधी के साथ हल्की वर्षा हुई। इससे मौसम सुहाना हो गया था। ठंडी हवाएं चल रही थी लेकिन तेज आंधी से शहर के आसपास कई पेड़ गिर गये हैं। पेड़ गिरने से रुपापुर, बाबागंज व कादीपुर विद्युत उपकेन्द्र की विद्युत आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई। शाम तक विद्युत कर्मचारी बिजली ठीक करने में लगे रहे। बताया जाता है कि सोमवार को दोपहर तक तेज धूप व प्रचण्ड गर्मी थी लेकिन दोपहर में लगभग ढाई बजे धूल भरी तेज आंधी आई। थोड़ी देर बाद रिमझिम हल्की वर्षा भी हुई। इससे तापमान तो घट गया और लोग गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं लेकिन घंटे भर बाद ही फिर धूप निकल आई। इस मौसम परिवर्तन से लोगों को गर्मी से भले ही राहत मिली हो, लेकिन अभी यह अस्थायी है। जानकार लोगों का कहना है कि यह मानसून की वर्षा नहीं है।



लवाना गांव में सड़कों पर बिखरा ओला।

### आंधी व हल्की बूंदाबांदी से व्यवस्था बाधित

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इधर अचानक आंधी व हल्की बूंदाबांदी को लेकर लोग परेशान हो उठे हैं। वहीं सोमवार को भी दोपहर तक अचानक तेज आंधी आ गयी। आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इसके चलते जहां लालगंज क्षेत्र मे सुबह से दोपहर तक विद्युत घर मे सुधार कार्य होने के नाते आपूर्ति ठप थी। वहीं अन्धड़ के चलते देर शाम तक भी विद्युत आपूर्ति नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे बहाल न हो सकी। आंधी के चलते पेड़ की कुछ डालियां भी जगह जगह टूटकर गिर गयीं। हालांकि कोई दुर्घटना नही होने से जरूर लोग राहत मे दिखे। ग्रामीण क्षेत्रों मे शनिवार की रात हुई आंधी तूफान के चलते बिजली के पोल भी टूटकर गिर गये थे। ऐसे मे कई गांवो मे अभी भी विद्युत आपूर्ति सुचारू नही हो पायी है।




मूटकोर्ट कम्पटीशन में मौजूद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नीरज त्रिपाठी।

# चिंतामणि स्मारक विधि महाविद्यालय में हुआ मूटकोर्ट कम्पटीशन, छात्र-छात्राओं को दिये गये टिप्स

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री चिन्तामणि स्मारक विधि, महाविद्यालय, गोड़े प्रतापगढ़ में सोमवार को मूटकोर्ट कम्पटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें विशिष्ट अतिथि नीरज त्रिपाठी सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रतापगढ़ सम्मिलित हुए। इनके साथ आये हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्बंधित एडवोकेट विश्वनाथ त्रिपाठी एवं उनके सहयोगीगण रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलम पाण्डेय ने किया। संयोजक का कार्य डा. हरिशंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में सहयोग सहायक आचार्य अजय सिंह, अनिल उपाध्याय, रवि पाण्डेय, दिलीप सिंह, विनोद कनौजिया, अनिल वर्मा आदि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जज साहब ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में विस्तार से बतलाया और पीसीएस जे की तैयारी के लिए टिप्स भी बताया। मूट कोर्ट प्रतियोगिता के प्रतिभागीगण प्रिया गुप्ता जज के रूप में, अंकिता गुप्ता अभियोजक, वंदना शुक्ला बचाव पक्ष अधि., विवेक गुप्ता गवाह, संजय गुप्ता गवाह, मनोज पीड़ित आदि ने प्रतिभाग किया।

# एमडीपीजी कालेज में सड़क सुरक्षा के नियमों की दिलाई गई शपथ



सड़क सुरक्षा नियमों की शपथ दिलाते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार के सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम के क्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। शपथ दिलाते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए न केवल हम अपनी जान को सुरक्षित रख सकते हैं अपितु औरों को भी सुरक्षित जीवन देंगे।

सड़क नियमों का पालन करने से बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। हम सभी प्रबुद्ध लोग जब नियमों का पालन करेंगे तो आम जनता निश्चित रूप से उसका अनुसरण करेगी। कार्यक्रम में डॉ रंजीत पटेल, डॉ अरविंद मिश्र, डॉ किरण मिश्रा, डॉ रमेश चंद्र शुक्ल,डॉ माया शंकर आदि उपस्थित रहे।

# भंगवा चुंगी से लेकर जोगापुर तक हटाया गया अतिक्रमण

## अतिक्रमण करने वाले रेता-बालू की दुकानों से वसूला 31500

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने शहर में भंगवा चुंगी से लेकर जोगापुर तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर रेता बालू की दर्जन भर दुकानों से 31500 रुपये का चालान काटकर जुमार्ना वसूला गया और चेतावनी दी गई कि अगर अतिक्रमण न हटाया गया तो नगर पालिका और सख्त कार्यवाही करेगी

नगर पालिका की इस कार्यवाही से सड़क के किनारे अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि सोमवार को पूर्वान्ह साढे. ग्यारह बजे नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह अपने सहयोगियों व जेसीबी लेकर पुलिस बल के साथ भंगवा चुंगी पहुंचे थे। पहले तो बसों व ट्रकों को सड़क के किनारे से हटाया गया, फिर सड़क के किनारे अपनी दुकान आगे बढ़ाने वालों को चेतावनी दी गई और रेता बालू की दुकान लगाने वालों पर जुमार्ना ठोंका गया। नगर पालिका ने जगह-जगह लगी होर्डिंग भी जेसीबी से हटा दी। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रेता बालू के दकानदारों को जुमार्ना वसूलने के बाद भी चेतावनी दी गई है कि अगर रेता बालू को न हटाया गया तो नगर पालिका कड़ी कार्यवाही करेगी। बता दें कि शासन के कड़े निर्देश व नपा अध्यक्ष प्रेमलता सिंह की कार्य योजना के तहत नगर पालिका अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चला रही है। इस अभियान में शामिल नगर पालिका कर्मचारियों में सफाई निरीक्षक के अलावा आरआई लाल बहादुर सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह व जिला समन्वयक आशीष मिश्रा के अलावा कोतवाली व भंगवा चुंगी पुलिस भी शामिल थी। यह अतिक्रमणविरोधी अभियान अपरान्ह तीन बजे तक चला। नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह ने सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण न करने तथा व्यस्त बाजारों में दुकानें आगे न बढ़ाने की चेतावनी दी है। बता दें कि सड़क की पटरियों पर मोटर, गाड़ी, दुकान का अवैध कब्जा रहने से आए दिन दुर्घटना होती रहती है।




जोगापुर में अतिक्रमण हटाते नगर पालिका कर्मचारी।

### मार्ग दुर्घटना में हाकर घायल

अखंड भारत संदेश

**रानीगंज, प्रतपगढ़।** अखबार बाटकर लौट रहे साईकल सवार युवक को अज्ञात गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे उसकी हालत गंभी होने पर उसे इलाहाबाद के लिये रेफर किया गया है। बता दें कि देवी प्रसाद पांडेय (32) वर्ष पुत्र स्वर्गीय तारकेश्वर पांडेय निवासी ग्राम पूरे चरन थाना क्षेत्र रानीगंज का निवासी है। सोमवार की दोपहर साढे. बारह बजे अखबार बाटकर साईकल से घर लौट रहा तभी रानीगंज बाजार में अज्ञात गाड़ी ने जोरदार टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगो ने फोन कर परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुँचे परिजन 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल देवीप्रसाद को जिला अस्पताल ले गए जहाँ डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख प्रयागराज स्वरूपरानी रेफर कर दिए। युवक का सिर फट गया है हालत नाजुक है स्वरूपरानी अस्पताल में इलाज चल रहा। मामला रानीगंज थाना क्षेत्र के पूरे चरन गांव का है।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

## सात मोटरसाइकिल, पिस्टल, तमंचा, मैगनीज बरामद

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** थाना नवाबगंज पुलिस व स्वाट टीम प्रतापगढ़ द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के कोराली रेलवे क्रासिंग से चेकिंग के दौरान तीन मोटर साइकिल पर सवार तीन व्यक्तियों को रोका गया तो पुलिस टीम को देखकर उक्त मोटर साइकिल सवारों ने भागने का प्रयास किया जिन्हें पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर दो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया जबकि एक व्यक्ति मोटर साइकिल छोड़कर भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा।

पकड़े गये व्यक्तियों से भागने का कारण पुछने पर ज्ञात हुआ कि इनके पास से बरामद 03 मोटर साइकिल चोरी की है। अभियुक्तों के निशांदेही पर 01 अन्य अभियुक्त के साथ चोरी की 04 और मोटर साइकिले बरामद की गयी। तोनों अभियुक्तों के पास से चोरी की कुल 07 अदद मोटर साइकिलें, 01 अवैध पिस्टल, 32 बोर, 02 मैगजीन, 05 अदद जिन्दा व 01 अदद मिस कारतूस .32 बोर, 01 अदद देसी तमंचा 315 बोर व 06 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजेन्द्र कुमार मौर्य पुत्र रमेश कुमार निवासी ब्रम्हौली थाना नवाबगंज, राहुल पुत्र तेजभान सिंह निवासी छिन्दौरा थाना नवाबगंज व राजेन्द्र सिंह पुत्र घनश्याम सिंह निवासी छिन्दौरा थाना नवाबगंज शामिल रहे। पुछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त राहुल व राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा भागने का कारण बताया गया कि हमारे पास चोरी की मोटरसाइकिलें थी इसी कारण हम भाग रहे थे कि आप लोगों नें हमें पकड़ लिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज सुधीर कुमार सोनी के निर्देशन पर उपनिरीक्षक बलवन्त सिंह, सुरेंद्र सिंह अपने हमराही रवींद्र कुमार, आशुतोष चैबे, वर्मा,तहसीलदार तिवारी स्वाट टीम, पंकज कुमार शामिल रहे।



पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्तगण।

### रंजिशन नुकसान पहुंचाये जाने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के देवापुर चैखड़ निवासी अरूणेश की पत्नी सुनीता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि वह वर्मा नगर तुरकिनिया में पतरा रखकर दुकान चलाया करती है। आरोप है कि बाइस मई को सुबह तीन बजे आरोपी लालगंज कोतवाली के पूरे जीवन तिना निवासी अयोध्या प्रसाद सुत शिवपूजन, गोपाल पुत्र मुन्ना आदि ने उसे गाली देते हुए उसका पतरा गिरा दिया। विरोध करने पर आरोपियो ने जानलेवा धमकी दी। घटना को लेकर इलाकाई पुलिस जांच मे जुटी बतायी गयी है।

# शादी से नाराज युवक ने दुल्हन के सिर पर सटाया तमंचा, बेटी की विदाई की चल रही थी तैयारी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** युवती की शादी से नाराज युवक विदाई के समय शादी वाले घर में पहुंच गया और तोड़फोड़ करते हुए दुल्हन तथा उसकी मां के सिर पर तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी दी, और चिल्लाते हुए दोनों को विधवा बनाने की धमकी दिया। यह नाटकीय घटनाक्रम घंटो चलता रहा लोक लाज तथा सामाजिक दबाव के कारण दुल्हन के माता-पिता ने उस समय तो कुछ नहीं किया, लेकिन दो दिन बाद पट्टी कोतवाली पहुंचकर मामले में आरोपी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के औराइन गांव के रहने वाले ममता तिवारी पत्नी नटवरलाल सोमवार की दोपहर पट्टी कोतवाली पहुंची। तहरीर देकर उसने आरोप लगाया कि 2 दिन पहले 20 मई को उसकी बेटी की शादी जौनपुर से उसने तय किया था। 21 तारीख को विदाई की तैयारियां चल रही थी। सुबह लगभग 7 बजे उसके पड़ोस का रहने वाला एक युवक घर में घुसकर अवैध तमंचा दुल्हन तथा तथा उसके सिर पर सटा दिया और मारपीट करने लगा और मां बेटी दोनों को विधवा बनाने की धमकी देने लगा। लोक लाज परिवार तथा समाज के साथ साथ शादी में किसी प्रकार की अड़चन ना हो इसके लिए ममता तिवारी ने कुछ नहीं किया। दुल्हन की विदाई हो जाने के बाद सोमवार की दोपहर ममता तिवारी अपने पति नटवरलाल के साथ पट्टी कोतवाली पहुंची और उसने नामजद लिखित शिकायत पत्र देकर आरोपी युवक के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस शिकायत पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

### विवाहिता की प्रताड़ना पर ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दहेज को लेकर विवाहिता को प्रताडित करने के आरोप मे ससुरालीजनों के खिलाफ पुलिस ने सोमवार को गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। अन्तू कोतवाली के नेवादा कला साधौपुर निवासी राधेश्याम की पुत्री संजू वर्मा का विवाह लालगंज थाना के पूरे अभिमान सिंह इटौरी मे हुआ है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि ससुरालीजन शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते आ रहे है। पति धर्मेन्द्र वर्मा, ससुर रामलखन, देवर महेन्द्र तथा सास ने कई बार उसे गाली देते हुए ससुराल मे मारापीटा। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियो ने जानलेवा धमकी देते हुए उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र से मिलकर आपबीती सुनाई। इसके बाद पुलिस ने एएसपी की फटकार पर ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट व गालीगलौज, धमकी तथा महिला उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

### मारपीट तथा धमकी को लेकर आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर आधा दर्जन आधा दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ बलवा समेत गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के धर्मराज तुलई मांदीपुर निवासी सालिकराम ने दी गई तहरीर मे कहा है कि सोलह मई की शाम पांच बजे आरोपी गांव के सोनू वर्मा, जयकरन, विकास, नन्हें तथा तीन अज्ञात आरोपियो ने उसे गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास लाठी डंडे से मारापीटा। आरोपियो ने पीड़ित को गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोमवार को चार नामजद तथा तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# जिला कार्यकारिणी की बैठक में योग दिवस पर हुई चर्चा

## शिक्षक प्रशिक्षण शिविर की रुपरेखा के लिये टीम का हुआ गठन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं एक जून से आयोजित होने वाले सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के मद्देनजर सोमवार को जिला कार्यालय परिसर में कार्यकारिणी की बैठक पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी गोविन्द के तत्वाधान में सम्पन्न हुई।

बैठक में आगामी 21 जून योग दिवस की तैयारियों एवं एक जून से आयोजित होने वाले सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर की रूपरेखा तैयार करने के साथ पांच सदस्यीय टीम का गठन भी किया गया। इसके साथ ही भारत स्वाभिमान मोबाइल एप्प डाऊनलोड व योग कक्षा के एक्टिवेशन के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों को जानकारी प्रदान की गई।

बैठक में मुख्य रूप से प्रान्तीय सह प्रभारी भारत स्वाभिमान दुर्गेश योगी, महिला प्रभारी अनुपमा, भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी श्याम नारायण, किसान प्रभारी कमलेश बहादुर, भारत स्वाभिमान तहसील सदर प्रभारी यजुवेंद्र, तहसील सदर पतंजलि प्रभारी चंद्रमणि, पूर्व किसान प्रभारी श्रीकृष्ण कुमार, कार्यालय प्रभारी अंजनी, युवा संरक्षक प्रतीक, जिला पतंजलि उत्पाद वितरक ओम प्रकाश, सचिन एवं सुमन आदि लोग उपस्थित रहे।

# तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर से थोड़ी दूर एक तालाब में नहाने के लिए उतरे तो मासूम बच्चों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई थोड़ी देर बाद तालाब के किनारे खेल रहे एक बच्चे ने दोनों को डूबते हुए देखा तो शोर मचाया आसपास के लोग दौड़े और तालाब से दोनों मासूमों को बाहर निकाला और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ ले गए, जहां पर दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत विनैका गांव के रहने वाले सियाराम का 7 वर्षीय बेटा सनी तथा लालमणि कर 9 वर्षीय बेटा जिग्नेश सोमवार की दोपहर 12 बजे खेलते हुए गांव के पास एक तालाब के किनारे पहुंच गए। गर्मी के कारण दोनों तालाब में नहाने के लिए उतर गए। नहाते हुए दोनों तालाब में डूब गए तब तक तालाब के किनारे खड़े एक बच्चे ने दोनों को डूबता हुआ देख लिया शोर मचाने पर गांव के आसपास लोग दौड़े और दोनों बाहर निकाला लेकिन तब तक दोनों पेट में काफी पानी चला गया था।

आनन-फानन किसी तरह परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया इसके बाद परिजन रोने-बिलखने लगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सनी और जिग्नेश को मृत घोषित कर दिया तो परिजनों का मन नहीं माना। इलाज के लिए परिजन प्रतापगढ़ लेना जाना चाहते थे लेकिन एंबुलेंस नहीं मिली तो अमृत जिग्नेश और सनी को मोटरसाइकिल पर लादकर परिजन जिला मुख्यालय की तरफ भागे सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो स्वास्थ्य महकमे की जमकर किरकिरी हुई।

### पिता की लाइसेन्सी बन्दूक लेकर पड़ोसी के घर में घुसकर की मारपीट

#### पिता-पुत्र किये गये गिरफ्तार, लाइसेन्सी बन्दूक को कोतवाली ले आयी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार की रात पिता की लाइसेन्सी बंदूक लेकर पड़ोसी के घर मे घुसकर मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर दोनो पर मुकदमा दर्ज करते हुए बंदूक को कब्जे मे ले लिया। वहीं पुलिस पीड़ित की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर हण्डौर निवासी जयप्रकाश कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे आरोप लगाया है कि बीती बाइस मई की रात लगभग नौ बजे गांव के प्रवीण कोरी पुत्र राजेन्द्र कोरी संदिग्ध दशा में उसके घर पर आ गया। आरोपी को देख परिवार के लोगों ने आपत्ति की तो वह गाली देते हुए वहां से चला गया। थोड़ी देर बाद वह अपने पिता राजेन्द्र की लाइसेंसी बंदूक के साथ पहुंचा और घर मे घुसकर मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देने लगा। इस बीच आरोपी का पिता राजेन्द्र भी वहां पहुंचकर मारपीट करने लगा। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी। पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक को लेकर शस्त्र धारक से पूछताछ की तो वह जबाब नही दे सका। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियो के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल की तहरीर पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा किया। वहीं पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक को कब्जे मे ले लिया। उधर पीड़ित की तहरीर पर भी दोनों आरोपियो के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज व धमकी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दोनों आरोपियो को सोमवार को गिरफ्तार किया।

## खबर संक्षेप

### महिला के साथ रेप पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अझुवा कौशाम्बी।** मोहब्बतपुर पाइंसा थाना क्षेत्र के जवाई पड़री गांव में 21 मई की रात्रि 9:00 बजे घर पर एक महिला अकेली थी मौका पाकर पड़ोस के दो युवक महिला के घर में घुस गए आरोप है कि तमंचे की नोक पर दोनों युवकों ने महिला के साथ रेप किया है महिला का पति जब घर पहुंचा तो उन्होंने युवकों की करतूत पति को बताई महिला ने मोहब्बत पुर पइंसा थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### आर्य समाज प्रधान की पत्नी का निधन

**भरवारी कौशाम्बी।** आर्य समाज के भरवारी नगर प्रधान तीव्र चंद शर्मा की पत्नी का इलाज के दौरान निधन हो गया है नगर पालिका परिषद भरवारी कस्बा मेहता रोड बिसुई रोड निवासी पुष्पा देवी उम्र 60 वर्ष लगभग पत्नी तीव्र चंद्र शर्मा की उपचार के दौरान प्रयागराज में मौत हो गई जिनकी अंतिम शव यात्रा दिनांक 24 मई को मंडी समिति के पास समय ग्यारह बजे होगी।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारटी अभियुक्त अजय कुमार नाई पुत्र कुनकुन उर्फ धिरेन्द्र नाई निवासी तिलगोड़ी थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### इनामिया वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान "आपरेशन पाताल" के तहत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में थाना करारी पुलिस प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर कि सूचना पर थाना मंझनपुर के गैंगस्टर एक्ट के पंद्रह हजार रुपये पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त अरविन्द उर्फ खिस्सू उर्फ डिसिलवा पुत्र प्रहलाद निवासी देवरार थाना धाता जनपद फतेहपुर को बड़ा तालाब म्योहर के पास से समय गिरफ्तार कर कब्जे से जामा तलाशी के दौरान एक अदद तमचा व दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर अवैध (बिना लाइसेंसी) बरामद होने पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# पति ने पीट-पीटकर महिला को उतारा मौत के घाट

## कनवार गांव के मजरा जोरावरपुर में कई वर्षों से पति-पत्नी के बीच चल रहा था विवाद

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी अझुवा के अंतर्गत कनवार गांव के मजरा जोरावर पुर में एक जल्लाद पति ने लाठियों से पीट-पीटकर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया है कई घंटे बाद घटना की सूचना पुलिस को मिली मौके पर थाना और चौकी पुलिस दलबल के साथ पहुंची महिला के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटनाक्रम के मुताबिक कनवार गांव के मजरा जोरावर पुर निवासी रामपाल पुत्र राम अवतार कान के बहरे हैं उनकी पत्नी श्यामा देवी उम्र लगभग 48 वर्ष का अपने पति से कई वर्षों से विवाद चल रहा है पति के विवाद के चलते महिला अपनी तीन बेटियों के साथ अलग रहने लगी महिला और बेटियों ने अपना खाना भी अलग बनाकर खाने लगी महिला के पास



हत्या के बाद घटनास्थल पर जांच करती पुलिस

रोजगार के कोई साधन नहीं थे जिससे महिला आर्थिक तंगी से जूझ रही थी बताया जाता है कि दो बेटियों की शादी हो चुकी है एक बेटी और मां घर में जिंदगी के दिन गुजार रही थी सोमवार की दोपहर 2:00 बजे तेज आंधी आई आंधी के बाद पेड़ से गिरे आम को लेने महिला श्यामा देवी पेड़ के नीचे चली गई आम लेकर महिला जैसे ही घर लौटी जल्लाद पति ने यह कहते हुए महिला पर लाठियों से पीटना शुरू कर दिया कि यह पेड़ उसका था बेरहम पति ने महिला पर बेरहमी से लाठियां बरसाईं पति की पिटाई से महिला श्यामा देवी की मौत हो गई महिला की मौत होने के बाद आसपास के लोग पुलिस को सूचना देने का साहस नहीं जुटा पा रहे थे गांव के किसी व्यक्ति ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया महिला की हत्या की जानकारी मिलते ही दल बल के साथ सैनी कोतवाल घटनास्थल पर पहुंचे और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हत्यारों पति को ग्रामीणों ने पकड़ लिया है और मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्यारे जल्लाद पति को अपने हिरासत में ले लिया है।

### तमंचा व कारतूस के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों द्वारा तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद होने पर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नूर आलम पुत्र मसिउद्दी निवासी नयानगर थाना मझनपुर को एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा सिराथू नहर पुलिया सयारा मीठेपुर गांव मोड़ के पास से अभियुक्त लच्छीराम उर्फ लच्छाराम उर्फ लच्छी प्रजापति पुत्र मैकूलाल प्रजापति निवासी नरसिंहपुर कछुवा थाना सैनी को एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अरविन्द कुमार पुत्र मैकू लाल निवासी सलाह करारी थाना करारी को एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।



मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

## खतना के बाद सेहरा को तालाब में डालते समय बालक व अधेड़ महिला की डूबने से हुई मौत

### शव को पुलिस ने भेजा पोस्टमार्टम के लिए शोक में डूबा मोहल्ला

**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत भरवारी पुलिस चौकी क्षेत्र के पुरानी बाजार में एक मुस्लिम परिवार में खतना का कार्यक्रम था जिसके बाद परिवार के लोग तालाब में सेहरा फूल डालने गये थे जहाँ पर बालक और महिला सहित दो लोगो का पैर फिसलने से दोनों की पानी मे डूब कर मौत हो गई। बता दे कस्बा भरवारी पुरानी बाजार निवासी शहबाज उम्र 13 वर्ष पुत्र लाला एवम पड़ोसी महिला साहिम पत्नी स्व शेरअली उम्र 55 वर्ष अपने मोहल्ले वालों के साथ खतना करने के बाद सेहरा फूल डालने बस्ती के ही तालाब में डालने गयी थी जहाँ पर लोगो की ज्यादा भीड़ हो गयी जिसके चलते पड़ोस की महिला सहिम पत्नी शेर अली व शहबाज पुत्र लाला की तालाब में गिरने से मौत हो गयी' घटना की जानकारी होते ही चौकी इंचार्ज अविनाश तिवारी मय दलबल के मौके पर पहुच शव को निकलवाकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इस बीच खुशी की जगह समूचा मोहल्ला गम में बदल गया घर परिवार में खुशी की जगह मातम छा गया।

# श्रद्धालुओं की पिकअप पुलिया से टकराई दर्जनों लहूलुहान

## वाहन से चालक कूदकर हुआ फरार पुलिस कर रही तलाश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** पिकअप वाहन में सवार होकर दर्जन भर लोग मैहर जा रहे थे रविवार को कौशाम्बी कोतवाली के जोगापुर गांव के दर्जन भर से ज्यादा लोगो से भरी पिकअप पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत सरपतही गांव के पास अनियंत्रित पिकअप के पुलिया से टकराकर पलट जाने से लहूलुहान हो गए हैं जिससे पिकअप में बैठे एक दर्जन से ज्यादा लोग बुरी तरह लहूलुहान हो गए चीख पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने पिकअप में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला सूचना पर पहुंचे पश्चिम शरीरा थाना प्रभारी ने सभी घायलों को नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है जहां गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला हॉस्पिटल रेफर किया है इस हादसे मे गंगादीन उम्र 30 वर्ष सुमन उम्र 20 वर्ष अगन उम्र 25



राागिनी उम्र 5 वर्ष रोशनी उम्र 16 वर्ष बंदना उम्र 8 वर्ष निर्मला उम्र 47 वर्ष राम समंदर 24 वर्ष ननकी 45 वर्ष राजाराम 34 पायल 16 लहूलुहान है जिन का इलाज अस्पताल में चल रहा है सभी घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है मौके से पिकअप चालक फरार हो गया है पिकअप में दबे सभी घायलों को बाहर निकालकर स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है गंभीर हालत वालों को जिला हॉस्पिटल रेफर किया गया है मौके से पिकअप चालक फरार है जहां उसकी तलाश की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### गलत साइड से आ रहे ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार लहूलुहान



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के कमासिन चौराहे के पास गलत साइड से आ रहे ट्रेक्टर से बाइक सवार टकरा गए जिसके चलते उसे गंभीर चोटें आ गई। सूचना पर पहुचे एस एस आई रणंजय सिंह ने बिना देर किए घायल को एम्बुलेन्स की मदद से अस्पताल पहुचाया। घायल की शिनाख्त कोखराज थाना क्षेत्र के मितुवापुर गांव के रामसिंह पटेल पुत्र मोने लाल पटेल के रूप में हुई। वही पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजवाकर ट्रेक्टर को हिरासत में लेकर घायल के परिजनों को सूचना दे दी।

### मांस और चाकुओं के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत गोराजू गांव निवासी मोहम्मद मोहसिन खा उर्फ छोटटन पुत्र वससन खान निवासी गोराजू को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेर बंदी करके पुलिस ने नीलगाय मांस आधा दर्जन चाकू और नीलगाय की खाल मास के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया युवक कई दिनों से मांस की विक्री कर रहा था।पुलिस ने युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं के साथ मुकदमा दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया है और अन्य साथियों की तलाश की जा रही हैं।इस मौके पर थानाध्यक्ष भवानी सिंह, चौकी इंचार्ज श्याम सुंदर, कांस्टेबल इंद्रपाल,प्रशांत कुमार, गोविंद कुमार,मनोज मौर्य देवदत्त आदि पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। मामले में पुलिस ने अपराध संख्या-91/22 धारा -4/25अक्स एक्ट वन जीव संरक्षण अधिनियम9/51 दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

### बुरी नीयत से घर मे घुसे दबंगो का विरोध करना पड़ा मंहगा,पति गम्भीर घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा धुमाई के मजरा लोधन के पुरवा में एक युवक को पड़ोसियों ने कुल्हाड़ी मार कर घायल कर दिया जिसका उपचार जिला अस्पताल मंझनपुर में चल रहा है। महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि बीती देर शाम गांव का गुड्डू पुत्र रामस्वरूप उर्फ बुड्ढा जब महिला घर के अंदर काम कर रही थी गलत नियत से घर में घुस गया गुड्डू व विमल ने महिला का ब्लाउज फाड़ दिया जब उसका पति अमन लोधी चिल्लाते हुए आया तो आरोपियों ने अमन के सिर में कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया गुड्डू व विमल ने महिला को जमीन पर पटक दिया पास पड़ोस और उसके पिता सूर्य भान लोधी ने आरोपियों के चंगुल से छुटाया तब तक महिला और उसका पति अमन बेहोश हो गया परिजनों ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां अमन का उपचार चल रहा है वहीं अझुवा चौकी इंचार्ज गौरव त्रिवेदी ने बताया कि कुछ आरोपी पुलिस हिरासत में हैं जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पूरे कुनबे ने मिलकर महिला पर किया हमला एक सप्ताह बीते नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अमाहा गांव की महिला अर्चना देवी पत्नी महादेव पटेल पर 17 मई को दिन दहाड़े गांव के आधा दर्जन से अधिक महिला पुरुषों ने बेरहमी से हमला किया था जिससे महिला को गंभीर चोटें आई हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी भरवारी को दिए जाने के बाद भी मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है पुलिस चौकी से न्याय न मिलने पर पीड़ित महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची पत्र देकर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। बताते चलें कि महिला का पति रोजगार के चक्कर में मुंबई की प्राइवेट कंपनी में काम करता है महिला घर में रहती है 17 मई को दोपहर में बकरी बांध रही महिला को गांव के मसूरिया दीन उसके बेटे पत्नी सहित कई लोगों ने दौड़ाया और महिला को डंडे से बेरहमी से मारने पीटने लगे कई लोगों ने मिलकर दिनदहाड़े महिला को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जान बचाकर महिला घर के अंदर घुस गई तो उसे घर से खींच कर बाहर निकाला गया और उसे बेरहमी से पीटा गया आरोप है कि बदनियति से उसका ब्लाउज भी फाड़ दिया गया इतना ही नहीं महिला के ऊपर इसके पहले भी कई बार उपरोक्त दबंग मारपीट कर चुके हैं लेकिन उस मामले में भी आरोपियों के विरुद्ध स्थानीय चौकी पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया जिससे स्थानीय चौकी पुलिस में आरोपियों की मजबूत पकड़ का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## आंधी में गिरे पेड़ में दबे अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**कोखराज कौशाम्बी।** शनिवार की देर शाम तेज आंधी के चलते पेड़ गिर जाने से कोखराज थाना क्षेत्र के लाटपुर ग्राम निवासी जीवन उम्र 40 वर्ष पुत्र बाके लाल नीम के पेड़ नीचे दब गया था जिसको ग्रामीणों ने निकाल लिया था गम्भीर रूप से घायल जीवन को ग्रामीणों ने मौके से अस्पताल में भर्ती कराया था लेकिन गम्भीर चोट होने के कारण जीवन की जान नही बचाई जा सकी और वह रविवार रात्रि 9 बजे के लगभग इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी जीवन के परिवार में तीन नाबालिग बच्चों व पत्नी को जैसे ही इसकी सूचना हुई घर में कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना दी गयी हैं आंधी में पेड़ गिरने से जीवन के लहूलुहान होने के बाद दैवी आपदा की जांच पड़ताल करने और राहत राशि देने के लिए आज तक कोई भी राजस्व विभाग का कर्मचारी देखने तक नहीं गया।

# शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ एवं उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर ने सौंपा ज्ञापन

## दोनों संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सभी समूह ग के कार्मिको का क्षेत्र परिवर्तन नियमतः उनके ही ब्लाक के दूसरे क्षेत्र में किया जाए

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ एवं उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग किया है कि सदस्य समूह ग कार्मिकों के पटल क्षेत्र परिवर्तन के संबंध में उनकी समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाए दोनों संगठनों के दर्जनों पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपा संघ के सदस्य एवं कर्मचारी ने अपनी मांग को मुख्य चिकित्सा धिकारी के समक्ष ज्ञापन सौंपकर उठाया स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुष महिला एवं स्वास्थ्य कार्यर्यविदाक पुरुष एवं महिला की बैठक में स्थानांतरण के संबंध में फैसला लिया गया और मुख्य चिकित्साधिकारी को ज्ञापन सौंपकर यह मांग किया गया कि सभी समूह ग के कार्मिको का क्षेत्र परिवर्तन नियमतः उनके ही ब्लाक के दूसरे क्षेत्र में किया जाए संघ के सदस्यों की मांग पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने उनकी मांगे पूरा करने का आश्वासन दिया जिस पर दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया। मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ एवं उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में धरना प्रदर्शन बैठक और ज्ञापन का कार्यक्रम 22 मई को मंझनपुर मुख्यालय में आयोजित किया गया है बैठक में दोनों संगठन के दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित हुए अपने अपने



ज्ञापन सौंपते स्वास्थ्य कार्यकर्ता

विचार व्यक्त किए संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव मंत्री संतोष सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम सुमेर पांडेय संगठन मंत्री बच्ची लाल कोषाध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल संप्रेक्षण शैलेंद्र सिंह संयुक्त मंत्री देवनारायण मिश्रा अध्यक्ष श्री मति शांति कैथवास वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमृता कैथवास, उपाध्यक्ष रीता मौर्या, मंत्री सपना यादव, कोषाध्यक्ष स्वर्णलता शुक्ला, संगठन मंत्री सुनीता देवी, एडिटर मीना देवी, प्रचार मंत्री नीलम देवी आदि लोगो ने संयुक्त रुप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग की है।

# अतिक्रमण पर चला बाबा का बुलडोजर

## नगर पंचायत सराय अकिल में हुई कार्रवाई



अतिक्रमण हटवा रहे अधिकारी और पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता को देखते हुए नगर पंचायत सराय अकिल में अतिक्रमण को हटाने के लिये बुलडोजर चलाना पड़ा।नगर पंचायत सराय अकिल ई ओ लाल जी यादव ने जानकारी दिया कि सरकार की मंशा पर पहले लाऊड स्पीकर द्वारा अतिक्रमण कारियो को सूचित कराया गया था।लेकिन कुछ अतिक्रमणकारी अभी तक अतरिक्रमण नही हटाए और सड़क जाम किये हुए है।जिस पर सराय अकिल थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह के साथ मय फोर्स सहित अतिक्रमण हटवाने का काम किया गया।जिस प्रकार से जरूरत पड़ी उस हिसाब से अतिक्रमण हटवा कर सड़क को साफ कराया गया।साथ ही साथ थाना प्रभारी निरीक्षक ने यह भी कहा कि अगर अतिक्रमण हटवाने के बावजूद यदि अतिक्रमणकारी नही मानेंगे तो सख्त से सख्त उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### वोट बैंक को बढ़ावा देने के कारण नही होती है कार्यवाही

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत का अतिक्रमण नगर अध्यक्ष के कारण नही हट पाता है।जो भी नगर पंचायत अध्यक्ष बना वह अपना वोट बैंक खराब न हो जिसके कारण अतिक्रमण कारियो का मनोबल बढ़ा रहता है।और आने जाने वालों को सड़क जाम को झेलना पड़ता है।यदि यही अतिक्रमण हटवाने का कार्य हमेसा होता रहे और नगर पंचायत के जिम्मेदार इस पर ध्यान दे तो सड़के हमेशा के लिये अतिक्रमण मुक्त हो जाएगा।क्या।सराय अकिल नगर पंचायत में केवल सड़क ही नही बल्कि और भी कई सरकारी संपत्ति है जो अतिक्रमण का शिकार है।चाहे वह तालाब हो सरकारी अस्पताल हो या फिर नाला या फिर भूमि।देखना है नगर पंचायत के जिम्मेदार इस पर कदम कब उठाते है।

### तमंचा कारतूस के साथ शराब भट्टी संचालक गिरफ्तार

मौके से 100 लीटर कच्ची शराब और 6 कुंतल लहन हुआ बरामद

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा पुलिस चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक गौरव त्रिवेदी हमराह नवनीत यादव बलवीर यादव राहुल यादव के साथ पुलिस चौकी क्षेत्र के लोधन का पुरवा निवासी श्रवण लोधी पुत्र होरीलाल लोधी के घर वार्ड नम्बर 4 अझुवा में दबिश दी है जहां पर मौके से शराब बनाने की भट्टी बरामद हुई है पुलिस ने शराब बनाने की भट्टी को तहस नहस कर दिया है मौके से 100 लीटर कच्ची शराब और 6 कुंटल लहन मिला है पुलिस ने लहन को नष्ट करा दिया है। छापा के दौरान पुलिस को आरोपी के कब्जे से 315 बोर का तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुई है। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आरोपी के विरुद्ध लिखा पढ़ी कर अदालत भेज दिया है।

# अब तक 7 लाख से ज्यादा लोग खा चुके फाइलेरिया की दवा : अनुपमा

## जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया फ्री जनपद बनाना हम सब की जिम्मेदारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जनपद कौशाबी में अब तक सात लाख अट्ठासी हजार सात सौ एक (7887701) लोगों को दवा खिलाया जा चुका है। जनपद के सभी क्षेत्र में आशा बहू और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ स्वास्थ्य कार्यकताओं की टीमें भी लगाई गई हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग के साथ सहयोगी संस्था डबल्यूएचओ, पीसीआई भी जनमानस से सहयोग की अपील कर रहे हैं। वह घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया के लक्षण और बचाव का तरीका बता रहे हैं। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए./ आई.डी.ए.) कार्यक्रम के अंतर्गत यह अभियान 12 मई से 27 मई 2022 तक चलेगा। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया की कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने कार्य क्षेत्र में फाइलेरिया की खुराक लोगों को अपने सामने ही खिला रही हैं। कई मामलों में दवा न खाने की जानकारी पर विभाग के आला अधिकारियों ने कमान सम्हाली व ऐसे परिवार व लोगों से मुलाकात कर उनसे समन्वय बनाते हुए उन्हें फाइलेरिया की दवा खाने के लिए स्वेच्छा से तैयार किया है।

**पदाधिकारी दूर कर रहे भ्रम :** मंझनपुर क्षेत्र के गांव कोंडर ब्लॉक मंझनपुर में एक परिवार फाइलेरिया की दवा खाने से इनकार कर रहा था। इसकी सूचना मिलते ही उन्हें समझाने खुद एमओआईसी मंझनपुर डॉ अरुण पटेल व सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ के पदाधिकारी उसके घर गए उन्हें दवा खाने के लिए राजी किया। ऐसे ही क्षेत्र के जो भी लोग दवा खाने से मना कर रहे हैं स्वास्थ्य विभाग की टीम उन्हें समझाने स्वयं उनके घर तक आ रहे हैं। इसी के मद्देनजर जागरूकता बढ़ाने के लिए क्षेत्र में पोस्टर, बैनर व अन्य सभी प्रचार-प्रसार के तौर तरीकों का सहारा लिया जा रहा है। अनुपमा मिश्रा ने बताया कि फाइलेरिया की दवा खाली पेट नहीं खानी है। दो साल से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं खिलाई जायेगी। दो से पांच साल तक के बच्चों को डीईसी की एक और एल्बेंडाजोल की एक गोली खिलाई जाएगी। एल्बेंडाजोल को चबा कर खाना है। छह से 14 साल के बच्चों को डीईसी की दो और एल्बेंडाजोल की एक टेबलेट दी जायेगी। जबकि 15 साल या उस से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन और एल्बेंडाजोल की एक गोली खिलाई जायेगी। साथ ही आइवरमेक्टिन की गोली पांच वर्ष से ऊपर की आयु वालों को लम्बाई के हिसाब से दी जाएगी।

अन्य कार्यक्रमों की तरह फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता के लिये भी समाज और खास तौर पर मीडिया का सहयोग बहुत जरूरी है। जनपद की मीडिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका का निर्वहन किया है।

संपादकीय

# भाजपा राहुल गांधी की शुक्रगुजार

**राहुल** गांधी ने लंदन जाकर भारत की राजनीति, सरकार, संघवाद, विदेश मंत्रालय आदि के बारे में जो बातें कहीं, वे नई नहीं हैं। लेकिन सवाल यह है कि उन्हें विदेशों में जाकर क्या यह सब बोलना चाहिए? भारत में रहते हुए वे सरकार की निंदा करें, यह बात तो समझ में आती है, क्योंकि वे ऐसा न करें तो विपक्ष का धंधा ही बंद हो जाएगा। भारत का विपक्ष इतना टटपूंजिया हो गया है कि उसके पास निंदा के अलावा कोई धंधा ही नहीं बचा है। उसके पास न कोई विचारधारा है, न सिद्धांत है, न नीति है, न कार्यक्रम है, न जन आंदोलन के कोई मुद्दे हैं। उसके पास कोई दिखावटी नेता भी नहीं हैं। जो नेता हैं, वे कालिदास और भवभूति के विदूषकों को भी मात करते हैं। उनकी बातें सुनकर लोग हंसने के अलावा क्या कर सकते हैं? जैसे राहुल गांधी का यह कहना कि भारत-चीन सीमा का विवाद रूस-यूक्रेन युद्ध का रूप भी ले सकता है। ऐसा मजाकिया बयान जो दे दे, उसे कुछ खुशामदी लोग फिर से कांग्रेस-जैसी महान पार्टी का अध्यक्ष बनवा देना चाहते हैं। जो व्यक्ति भारत की तुलना यूक्रेन से कर सकता है, आप अंदाज लगा सकते हैं कि उसके माता-पिता ने उसकी पढ़ाई-लिखाई पर कितना ध्यान दिया होगा? कोई जरूरी नहीं है कि हर नेता अंतरराष्ट्रीय राजनीति का विशेषज्ञ हो लेकिन वह यदि अखबार भी ध्यान से पढ़ ले और उन्हें न पढ़ सके तो कम से कम टीवी देख लिया करे तो वह ऐसी बेसिर-पैर की बात कहने से बच सकता है। भारतीय राजनीति परिवारवाद और सत्ता के केंद्रीयकरण से ग्रस्त है, इसमें शक नहीं है लेकिन उसका विरोध करने की बजाय राहुल ने भारत को विभिन्न राज्यों का संघ बता दिया। इसका अर्थ क्या हुआ? यानी भारत एकात्म राष्ट्र नहीं है। ऐसा कहकर क्या अलगाववाद को प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा है? इसी तरह पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति की तुलना भारत से करने की तुक क्या है? भारत में कोई सरकार कभी अपनी फौज के इशारों पर नाची है? यह कहना बिल्कुल गलत है कि भारत के अखबारों और टीवी चैनलों पर भारत सरकार का 100 प्रतिशत कब्जा है। क्या आज भारत में आपातकाल (1975-77) जैसी स्थिति है? जो पत्रकार और अखबार मालिक खुशामदी हैं, वे अपने स्वार्थों की वजह से हैं। जो निष्पक्ष और निर्भीक हैं, उन्हें छूने की हिम्मत किसी की भी नहीं है। भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पर घमंडी होने का आरोप भी लगाया जाता रहा है लेकिन यही आरोप तो आज कांग्रेस के नेतृत्व को तबाही की तरफ ले जा रहा है। हमारे विदेश मंत्रालय के अफसरों पर आक्षेप करना भी उचित नहीं है।

वे अत्यंत शिष्ट और उचित व्यवहार के लिए सारी दुनिया में जाने जाते हैं। कुछ भाजपा नेताओं ने राहुल के आरोपों का मुंहतोड़ जवाब देने की कोशिश भी की है। वह तो जरूरी था लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि भाजपा अपने भाग्य को सराहे कि उसे राहुल-जैसा विरोधी नेता मिल गया है, जिससे उसको कोई खतरा हो ही नहीं सकता। भाजपा को अगर कभी कोई खतरा हुआ तो वह खुद से ही होगा। भाजपा को चाहिए कि वह राहुल को धन्यवाद दे और उसकी पीठ थपथपाए।

# परवानों को बुलाते हैं शम्मा दिखा के हम

तनवीर जाफरी

**कभी मणिपुर में कांग्रेस से आये एन बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री बनाती है, कभी ज्योतिरादित्य सिंधिया को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करती है तो कभी रीता बहुगुणा को मंत्री बनाती या लोकसभा का टिकट देकर सांसद निर्वाचित कराती है तो कभी जतिन प्रसाद को मंत्री बनाती है। इस तरह के और भी अनेक उदाहरण हैं जिनसे पता चलता है कि भाजपा के इसतरह के आकर्षक 'ऑफर्स' भी कांग्रेस नेताओं के लिये भाजपा की पनाहगाह बनने में सहायक साबित हो रहे हैं। हर सिद्धांत व विचारविहीन नेता यही सोचता है कि भाजपा में जाते ही सत्ता हासिल हो जायेगी। भाजपा अपनी रणनीति में सफल दिखाई देती है कि बकौल शायर 'परवानों को बुलाते हैं शम्मा दिखा के हम'**

**गांधीवादी** सिद्धांतों व विचारधारा पर चलने वाली कांग्रेस पार्टी देश की स्वतंत्रता से लेकर अब तक दुर्भाग्यवश अनेक बार विभाजित हो चुकी है। ब्रह्मानंद रेड्डी से लेकर बाबू जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा,नारायण दत्त तिवारी,मोहसिना किदवई,देव राज अर्स,ममता बनर्जी और शरद पवार जैसे और भी अनेक बड़े से बड़े नेताओं ने कांग्रेस पार्टी से समय समय पर किसी न किसी मतभेद के चलते अपना नाता तोड़ा। परन्तु चूँकि यह नेता गांधीवादी व धर्मनिरपेक्ष विचारधारा पर चलने वाले तथा व्यक्तिगत जनाधार रखने वाले नेता थे लिहाजा इन्होंने सत्ता हासिल करने के लिये किसी धुर विरोधी विचारधारा की दक्षिणपंथी पार्टी में शामिल होने के बजाये स्वयं अपना संगठन खड़ा किया। परन्तु वर्तमान दौर में जबकि बेरोजगारी व मंहगाई अपने चरम पर है देश की अर्थव्यवस्था चौपट होने की कगार पर है। डॉलर के मुकाबले रुपया अपने रिकार्ड स्तर तक गिर चुका है। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के पास अपनी साख बचाने के केवल दो ही उपाय हैं जिनके सहारे वह जनता में विशेषकर देश के बहुसंख्य समाज में लोकप्रिय बने रहने की कोशिश कर रही है। एक तो मुख्यधारा के मीडिया विशेषकर टी वी चैनल्स को अपने पक्ष में कर सत्ता के कसीदे पढ़वाना और समाज को धर्म के आधार पर विभाजित करने की पूरी छूट देना तथा दूसरे विवादित अविवादित धार्मिक मुद्दों को हवा देकर लोगों की धार्मिक भावनाओं को उकसाकर तथा धार्मिक विवाद पैदा कर धर्म आधारित ध्रुवीकरण कर बहुंसख्यवाद की राजनीति करना। भारतीय जनता पार्टी इस रास्ते पर चलते हुये भले ही स्वयं को संख्याबल के हिसाब से मजबूत स्थिति में क्यों न पा रही हो परन्तु देश का एक बड़ा वर्ग खासकर पढ़ा लिखा,गंभीर चिंतन करने वाला वर्ग,उदारवादी समाज यहाँ तक कि विदेशी मीडिया व अनेक विदेशी राजनेता भी भरतीय राजनीति की वर्तमान शैली की आलोचना करते रहते हैं। इस वर्ग का मानना है कि जो भारतवर्ष गाँधी का भारत कहा जाता है,जिस गाँधी के सत्य,अहिंसा के सिद्धांत की पूरी दुनिया कायल हो व अनुसरण करती हो,उस देश में गाँधी के हत्यारे गोडसे की विचारधारा का पनपना और सत्ताधारी नेताओं व उनके समर्थकों द्वारा गोडसे का गुणगान किया



जाना आखिर क्या सन्देश दे रहा है ? और इसी सन्दर्भ में दूसरा सबसे बड़ा सवाल यह कि उपरोक्त हालात के बावजूद आखिर क्या वजह है कि एक और जहाँ सत्ताधारी दल के कद्दावर मंत्री नितिन गड़करी तक यह महसूस कर रहे हों कि- 'स्वस्थ लोकतंत्र के लिए कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी है और यह उनकी ईमानदारी से इच्छा है कि पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बने। लोकतंत्र दो पहियों के सहारे चलता है जिनमें से एक पहिया सत्ताधारी पार्टी है जबकि दूसरा पहिया विपक्ष है। लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष की जरूरत है और इसलिए मैं हृदय से महसूस करता हूं कि कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होना चाहिए '। गडकरी का यह भी कथन है कि -'चूंकि कांग्रेस कमजोर हो रही है, अन्य क्षेत्रीय पार्टियां उसका स्थान ले रही हैं,यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है कि अन्य क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस का स्थान लें।' सवाल यह है कि जब सत्ता पक्ष का एक कद्दावर नेता व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस के बारे में ऐसी उम्मीद व विचार रख रहा हो ऐसे में क्या वजह है कि आये दिन कांग्रेस का ही कोई न कोई प्रमुख नेता किसी न किसी बहाने से न केवल कांग्रेस छोड़ रहा है बल्कि कांग्रेस की धुर विरोधी विचारधारा रखने वाली भारतीय जनता पार्टी में ही शामिल भी हो रहा है ? वे कांग्रेसी नेता जो संसद से सड़कों तक भाजपा को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संरक्षण में चलने वाली सांप्रदायिक,नाजीवादी,गाँधी की हत्यारी,गोडसे का गुणगान करने वाली देश को धर्म जाति भाषा आदि के नाम पर विभाजित करने वाली तथा अंग्रेजों से मुआफी मांगने वाले नेताओं की पार्टी बताया करते थे,क्या वजह है कि आज वही नेता उसी भाजपा में शामिल हो रहे हैं? एक बात तो स्पष्ट हो चुकी है आज के दौर में कांग्रेस छोड़ भाजपा में जाने वाले नेताओं में गांधीवादी सिद्धांतों पर चलने अथवा वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की कोई चीज बाकी नहीं रही है। न ही उनमें इतना दम है कि वे अपने बल पर कोई नया राजनैतिक संगठन खड़ा कर सकें। इनके लिये इससे भी महत्वपूर्ण उनका राजनैतिक भविष्य अर्थात सत्ता में बने रहना है। यही वजह है कि कल तक गांधीवादी विचारधारा की माला जपने वाले और संघ व भाजपा को पानी पी पी कर कोसने वाले सुष्मिता देव,रीता बहुगुणा जोशी,हेमंत विस्वा सरमा,माणिक साहा,ज्योतिरादित्य सिंधिया,जितिन प्रसाद,आर पी एन सिंह जैसे और भी कई नेता और पिछले दिनों सुनील जाखड़

जैसे नेता उसी भाजपा में शामिल हो गये। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तो मध्य प्रदेश में अपने समर्थक विधायकों के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़ कर मध्य प्रदेश में कांग्रेस की कमल नाथ सरकार तक गिरा दी और राज्य में भाजपा सरकार बनने रास्ता साफ किया। जाहिर है जब कांग्रेस पार्टी में ही ऐसे रीढ़ विहीन सिद्धांत विहीन तथा विचार विहीन सत्ताभोगी नेताओं की भरमार हो तो कांग्रेस को रसातल में जाने से भला कौन बचा सकता है। कांग्रेस और भाजपा के इस अंतर से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि जहाँ कांग्रेस पार्टी ने अपने गठन से लेकर अब तक पार्टी विभाजन में कीर्तिमान स्थापित किये हैं और नेताओं के दल बदल व पलायन में भी रिकार्ड बनाये हैं वहीं भाजपा, जनसंघ से लेकर आज की भाजपा तक कभी विभाजित नहीं हुई। और नेताओं के पार्टी छोड़ने का भी सिलसिला नाम मात्र ही रहा। निः संदेह भाजपा इस मामले अति अनुशासित कैडर्स पर आधारित पार्टी है। उत्तरांचल,गुजरात,त्रिपुरा जैसे विभिन्न राज्यों में मुख्यमंत्रियों को रातों रात बदलने के बावजूद कोई नेता विद्रोही स्वर नहीं बुलंद कर सका। जबकि कांग्रेस में कमलनाथ बनाम सिंधिया,कैप्टन अमरेंद्र सिंह बनाम नवज्योत सिंह सिद्धू और अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट खींचतान के नतीजे सबके सामने हैं। कांग्रेस के नेताओं के भाजपा में शामिल होने की दूसरी महत्वपूर्ण वजह यह भी है कि भाजपा अपने अनुशासित कैडर्स पर भरोसा रखते हुए कभी आसाम में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुये हेमंत बिस्वा सरमा को मुख्यमंत्री पद दे देती है तो कभी त्रिपुरा में अपनी पार्टी के विप्लव कुमार देव को हटाकर कर कांग्रेस से ही भाजपा में आये माणिक साहा को रातों रात मुख्य मंत्री बना देती है। कभी मणिपुर में कांग्रेस से आये एन बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री बनाती है, कभी ज्योतिरादित्य सिंधिया को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करती है तो कभी रीता बहुगुणा को मंत्री बनाती या लोकसभा का टिकट देकर सांसद निर्वाचित कराती है तो कभी जतिन प्रसाद को मंत्री बनाती है। इस तरह के और भी अनेक उदाहरण हैं जिनसे पता चलता है कि भाजपा के इसतरह के आकर्षक 'ऑफर्स' भी कांग्रेस नेताओं के लिये भाजपा की पनाहगाह बनने में सहायक साबित हो रहे हैं। हर सिद्धांत व विचारविहीन नेता यही सोचता है कि भाजपा में जाते ही सत्ता हासिल हो जायेगी। गोया भाजपा अपनी रणनीति में सफल दिखाई देती है कि बकौल शायर 'परवानों को बुलाते हैं शम्मा दिखा के हम'।

# बेटियां आखिर कहां सुरक्षित हैं

चेतनादित्य आलोक

**पिछले** दिनों जब एक पिता द्वारा अपनी ही पुत्री की बलि देने का मामला प्रकाश में आया तो मन में प्रश्न उठा कि बेटियां आखिर कहां सुरक्षित हैं... जन्म से पूर्व मां की कोख में, अपने परिवार में माता-पिता, भाई-बहनों के साथ, रिश्ते-नातों में, मित्रों-सखाओं के संग, कार्यालयों में, स्कूल-कॉलेजों में, छात्रावासों में, खेल के मैदानों में, मौलों-बाजारों में, गली-मोहल्लों में या फिर और कहीं? परन्तु दुर्भाग्य कि आज हमारी बेटियों के लिए कोई भी स्थान पूर्ण सुरक्षित प्रतीत नहीं होता। 26 अप्रैल को प्रकाशित महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के मादणी गांव की उपर्युक्त घटना के अनुसार पिता राजकुमार धकाते ने गुप्त धन की प्राप्ति हेतु एक तांत्रिक के साथ मिलकर अपनी ही बेटी की बलि देने का प्रयास किया, परन्तु बेटी ने सूझबूझ और अपने मित्र के सहयोग से पिता की योजना को विफल कर दिया। इससे पूर्व 19 मार्च को प्रकाशित एक समाचार के अनुसार पुणे की 11 वर्षीया नाबालिग लड़की के साथ उसके ही पिता एवं भाई पांच वर्षों तक लगातार बलात्कार करते रहे। यह मामला तब प्रकाश में आया, जब लड़की ने इसकी शिकायत विद्यालय में चल रहे ह्यगुड टच ऐण्ड बैड टचह्न सत्र के दौरान की। इसी प्रकार 13 मार्च को प्रकाशित एक समाचार के अनुसार महाराष्ट्र के ही पालघर जिले की पुलिस ने एक 45 वर्षीय पिता को जब अपनी ही छह एवं 12 वर्ष की दो नाबालिग बेटियों से बलात्कार करने के अपराध में गिरफ्तार किया, तब उन बच्चियों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से लगातार उसका पिता उन्हें अपनी हवस का शिकार बना रहा था। अखबारों में सामान्यत: अक्सर छपती रहने वाली ऐसी खबरों के बरक्स पिछले वर्ष के अंतिम दिनों में वायरल हुई चेन्नई की 11वीं कक्षा की एक होनहार लड़की की आत्महत्या से जुड़ी खबर का स्मरण होना स्वाभाविक ही है, जिसमें उस लड़की के सुसाईड नोट का विशेष रूप से उल्लेख किया गया था।

यह विडंबना ही है कि हम चाहे तरक्की की जितनी डींगें हांक लें, परन्तु हमारे समाज में आज भी लड़कियों के लिए स्थितियों में बहुत परिवर्तन नहीं आया है। हम चांद पर चले गये... मंगल ग्रह पर जीवन की तलाश में लगे हुए हैं... विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में शामिल होने के लिए प्रयासरत हैं... और अब तो पांच ट्रिलियन वाली अर्थव्यवस्था बनने की होड़ में भी जुट चुके हैं, पर अपनी बेटियों को अपने ही मन-आंगन में प्रेम, करुणा, दया एवं सम्मान वाली सोच के खाद-पानी से वंचित रख रहे हैं। दरअसल, हमारे आंगन में खिलने वाले फूलों को हम संतानों के रूप में देखने के बजाये बेटों और बेटियों के रूप में देखने लगे हैं। इसके परिणामस्वरूप बेटा के जन्म लेने पर हमारा मन उत्साह एवं खुशियों से परिपूर्ण रहने लगा तथा हृदय में प्रेम, करुणा और सद्भाव की भावनाएं पैदा होने लगीं, जबकि बेटी के होने पर इसके ठीक उलट मन तथा हृदय दोनों ही स्तरों पर प्राय: कटुता वाली सोच एवं भावनाएं हावी रहने लगीं। तात्पर्य यह कि अपने नफा-नुकसान को ध्यान में रखते हुए हमने संतानों को बेटे-बेटियों के रूप में फर्क करके देखा, जिसके परिणाम स्वरूप ही समाज में आज बेटियों का स्वतंत्र विचरण भी सुरक्षित नहीं है। यह स्थिति सिर्फ रात के अंधेरे में अनजान अथवा सुनसान स्थानों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि बाजारों और गलियों में, सड़कों पर, विद्यालयों समेत तमाम शिक्षण संस्थानों में, पार्कों में, कार्यालयों में, खेल के मैदानों में तथा रिश्ते-नातों यहां तक कि अपने माता-पिता के साथ रहते हुए निजी घरों तथा तमाम अपनों और परायों के बीच भी आज हमारी बेटियां सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। वस्तुत: यही सार था 11वीं की उस लड़की के सुसाईड नोट का, जिसमें उसने अपनी पीड़ा के माध्यम से समाज का कड़वा सच प्रस्तुत करते हुए हमारे मिथ्या आदर्शों और खोखली नैतिकता वाली जीवन शैली की पोल खोल दी थी। उसने लिखा था- न तो शिक्षकों पर भरोसा करो और न ही रिश्तेदारों पर... लड़कियों के लिए अब सिर्फ मां की कोख और कब्र ही सुरक्षित रह गयी है। इन पंक्तियों को पढ़कर किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के रोंगटे खड़े हो जायेंगे... मन में भांति-भांति प्रकार के प्रश्न उठने लगेंगे यथा कितनी पीड़ा से गुजरती होंगी लड़कियां... और किस सीमा तक टूटता होगा उनका मन, जब उनके स्वाभिमान को चूर किया जाता होगा... उनकी गरिमा पर चोटें की जाती होंगी... उन्हें नोचा-लूटा जाता होगा हममें से ही तमाम जाने-अनजाने चेहरों के द्वारा। प्राय: इन्हीं परिस्थितियों से उब-चूभ होते हुए हमारी बेटियां इस भरी दुनिया में भी कोई आश्रय न पाकर कभी तो चुपचाप अपने बेबस आंसुओं को पी जाती होंगी और कभी अपनी बेबसी को कागज पर उतारने के बाद फंदे का आश्रय ले लेती होंगी। अफसोस कि हम आज भी उनके लिए सुरक्षित एवं सम्मान जनक जीवन सुनिश्चित करने में सफल नहीं हो पा रहे हैं, जबकि विश्व के कई छोटे-छोटे देश भी इस मामले में अपेक्षाकृत हमसे बेहतर स्थिति में हैं। लगभग एक करोड़ की जनसंख्या वाले स्कैंडिनेवियन देश स्वीडेन में प्रत्येक महीने सामान्यत: एक महिला के साथ किसी-न-किसी प्रकार की आपराधिक घटना की चर्चा वहां के मित्र करते हैं। इसी प्रकार स्वीडेन और फीनलैंड के मध्य स्थित ओलैंड नामक एक छोटे से देश में कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस के नहीं होने के बावजूद वहां सभी प्रकार के अपराधों में नगण्यता चकित करने वाली है।

यूरोप के ही महज 40 हजार की जनसंख्या वाले एक अन्य छोटे से देश लिश्टेंश्टाईन में महिलाओं के विरूद्ध घटित होने वाले अपराधों की संख्या प्राय: नगण्य होती है। वहीं दूसरी ओर हमारे देश में प्राय: प्रत्येक दिन महिलाओं के विरूद्ध कम-से-कम 80 घटनाएं मात्र बलात्कार की घटित होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड्स ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2018 की अपेक्षा 2019 में महिलाओं के विरूद्ध अपराधों में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यही वह कड़वा सच है, जो समाज में हमारी बेटियों की वास्तविक स्थितियों को बयां करता है... और यही कारण है कि वैश्विक आर्थिक मंच द्वारा जारी ग्लोबल जेंडर गैप 2021 में 156 देशों की सूची में भारत 140वें स्थान पर अंकित है। यह शर्मनाक स्थिति है... और बेटियों के प्रति हमारी संवेदहीनता की परकाष्ठा का परिचायक भी।

## चिंतन

# युद्ध विराम एवं शांति के लिये क्वाड पर निगाहें

ललित गर्ग

**जापान** में होने जा रहे क्वाड शिखर सम्मेलन में एक महानायक एवं करिश्माई व्यक्तित्व के रूप में भाग लेने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रवाना हो गये हैं, इस सम्मेलन एवं मोदी पर दुनिया की नजरें टिकी है, क्योंकि यह सम्मेलन ऐसे अवसर पर होने जा रहा है, जब तीन माह से यूक्रेन पर रूस के हमले जारी हैं और उसके प्रमुख सहयोगी चीन के अड़ियल रवैये में कोई कमी आती नहीं दिख रही है। इसी के साथ पर्यावरण, आधुनिक तकनीक, कोरोना वायरस, हिंद-प्रशांत के लिए रणनीति आदि महत्वपूर्ण मुद्दें भी चर्चा में होंगे। भले ही क्वाड केवल चार देशों-भारत, जापान, अमेरिका और आस्ट्रेलिया की सदस्यता वाला समूह हो, लेकिन वह पूरी दुनिया के राष्ट्रों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। इस बार के सम्मेलन का एक साझा उद्देश्य चीन की साम्राज्यवादी मानसिकता पर लगाम लगाना है ताकि चीन की अकड़ ढीली पडे। इसके लिये सदस्य देशों को आर्थिक सहयोग के साथ अपने रक्षा संबंधों को सशक्त करने पर अधिक जोर देना होगा। क्वाड शिखर सम्मेलन पर दुनिया की दिलचस्पी होना स्वाभाविक है, क्योंकि इस बार उसके केन्द्र में चीन है, भारत समेत इन सभी देशों के लिए किसी न किसी रूप में चीन चुनौती बन गया है, इसलिए क्वाड शिखर सम्मेलन की ओर से उसे लेकर कोई कठोर बयान जारी किया जा सकता है। ऐसे किसी बयान मात्र से चीन की सेहत पर असर पड़ने के आसार कम ही हैं, इसलिए क्वाड को उन उपायों पर ध्यान देना होगा, जिससे चीन की दादागिरी पर अंकुश लगे। विश्व मानस अब अहिंसा की तेजस्विता को देखना चाहता है, वह विकास एवं शांतिपूर्ण समाज व्यवस्था चाहता है, आज सभी तरफ से विकास और प्रगति की आवाज उठ रही है। सुधार और सरलीकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और इसके लिये आज चीन जैसी हिंसक, अराजक ताकतों को रोकने का प्रयास चाहते हैं। क्वाड शिखर सम्मेलन अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण एवं निर्णायक होगा। इस सम्मेलन से ऐसी रोशनी प्रस्फुटित हो कि दुनिया महायुद्ध की संभावनाओं से उपरत हो जाये। इसीलिये युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन और बढ़ती ईंधन की चुनौती क्वाड नेताओं की टोक्यो बैठक के अहम मुद्दे होंगे। क्वाड की योजना हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ग्रीन-शिपिंग नेटवर्क बनाने की है जिसका कार्बन उत्सर्जन न के बराबर हो। साथ ही हाइड्रोजन के इस्तेमाल को बढ़ाने और उसके लिए सहयोग का ढांचा बनाने पर जोर होगा। क्वाड देश जलवायु परिवर्तन पर भी सक्रिय सूचना साझेदारी बढ़ाएंगे। क्वाड इंफ्रास्ट्रक्चर समन्वय समूह के काम की समीक्षा भी इस शिखर बैठक में होगी। इसके तहत हिंद-प्रशांत इलाके की ढांचागत योजनाओं में मदद दी जाती है ताकि देश अव्यावहारिक कर्ज के फंदे में न फंसें। इस कड़ी में प्राकृतिक आपदाओं से मुकाबले और उसके लिए जरूरी ढांचा बनाने पर भी जोर है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि चीन विभिन्न देशों की सुरक्षा के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा बन गया है। वह अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को धता बताने के साथ ही छोटे-छोटे देशों को अपने कर्ज के जाल में फंसाकर उनका जिस तरह शोषण कर रहा है, उससे विश्व व्यवस्था के अस्थिर होने का खतरा पैदा हो गया है। क्वाड देशों के बीच तकनीक की साझेदारी भी नेताओं की टोक्यो बैठक का एक अहम मुद्दा होगा। इसके साथ ही उभरती हुई और अहम तकनीकों पर सहयोग को कैसे बढ़ाया जाए और बायो टैक्नोलॉजी से लेकर सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन की मजबूती और सायबर सुरक्षा तंत्र की हिफाजत तक अनेक विषय शामिल होंगे। माना जा रहा है कि मेजबान जापान की तरफ से क्वाड अंतरिक्ष सहयोग पर भी एक ड्राफ्ट तैयार किया गया है जिसे पेश किया जाएगा। इसमें अंतरिक्ष में एक-दूसरे के उपग्रहों की सुरक्षा के लिए सूचनाएं साझा करने और जरूरी सहयोग देने पर जोर होगा। कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई क्वाड देशों की साझेदारी का एक अहम पहलू रहा है। इसके तहत कोरोना टीकों के निर्माण और आपूर्ति से लेकर इस महामारी के आर्थिक दुष्प्रभावों से उबरने में मदद तक अनेक पहलू शामिल हैं।

# साक्षात हैं प्रमाण लेकिन, फिर भी हो रहा हिंदू आस्था का अपमान

मृत्युंजय दीक्षित

**अयोध्या** विवाद के समाधान के बाद अब काशी में ज्ञानवापी और मथुरा में शाही ईदगाह विवाद भी निर्णायक दौर में पहुंच रहे हैं । ज्ञातव्य है कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ के समय से ही उत्तर प्रदेश में हिन्दू आस्था के तीन प्रमुख केन्द्रों को हिन्दुओं को सौंपे जाने की मांग हो रही है । इनमें श्री राम जन्म भूमि के अतिरिक्त जो दो अन्य केंद्र हैं वे श्री कृष्ण जन्मभूमि तथा ज्ञानवापी परिसर जिसके अन्दर प्राचीन श्री विश्वेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग विद्यमान माने जाते हैं। जब से काशी के ज्ञानवापी परिसर में सर्वेक्षण का आरम्भ हुआ, वहां से लगातार उस स्थल के प्राचीन मंदिर होने के प्रमाण सामने आ रहे थे और अंतिम दिन तो शिवलिंग ही प्राप्त हो गया। प्राचीन मंदिर मिलने के बाद जहाँ पूरे देशभर में शिवभक्तों में प्रसन्नता और हर्ष की लहर दौड़ गयी वहीं सेकुलर राजनैतिक दलों ने अपनी विकृत राजनीति शुरू कर दी । भाजपा विरोधी सभी राजनैतिक दलों के नेता और उनके सहयोगी इस समय टीवी चैनलों पर आकर तथा सोशल मीडिया में न केवल हिंदू समाज, भाजपा व संघ के खिलाफ अपमानजनक बयानबाजी कर रहे हैं वरन भगवान शिव, शिवलिंग और सनातन धर्म पर भी अभद्र टिप्पणी करके देश का वातावरण जहरीला बनाने का प्रयास कर रहे हैं। यह सत्य सामने आ चुका है कि ज्ञानवापी परिसर के वजूखाने वाले स्थान पर शिवलिंग उपस्थित है। देश के मान्य पुरातत्वविद, इतिहासविद तथा मद्रास सहित कई आईआईटी प्रोफेसर पुष्टि कर रहे हैं कि यह शिवलिंग ही है, जबकि दूसरा क्यां पक्ष शरारती तौर ओपर इसे फौवारा कहकर उपहास करने का प्रयत्न कर रहा है। क्योंकि अभी मामला न्यायालय में है अत: अंतिम निर्णय भी वहीं होगा कि यह क्या है। जैसे ही वादी पक्ष द्वारा ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग मिलने का दावा किया गया उसी समय से इन सभी हिंदू विरोधी ताकतों में हाहाकार मच गया और वे अनर्गल प्रलाप करने लगे। चुनाव प्रचार के दौरान ये मक्कार दल अपने आपको सबसे बड़ा हिंदू साबित करने में लगे थे और मंदिर - मंदिर घूम रहे थे, कोई नेता अपने आपको शिवभक्त बता रहा था तो कोई रामभक्त और किसी के सपनों में सीधे श्री कृष्ण ही आने लगे थे लेकिन ज्ञानवापी की असलियत सामने आते ही इनकी भी असलियत सामने आ गयी। ज्ञानवापी विवाद पर जब मुस्लिम पक्षकार ने कहा कि वहां पर शिवलिंग नहीं फौवारा मिला है तो सबसे पहले कांग्रेस के नेताओं ने भी यही बयान देकर मुसलमानों को कांग्रेस के उनके साथ खड़ा होने का संदेश दे दिया था। इसके बाद तो होड़ सी लग गयी। सपा, बसपा, टीमसी सहित वामपंथी विचारधारा के लोग सोशल मीडिया पर लगातार भगवान शिव तथा शिवलिंग पर बहुत ही अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। तीन महिला मुस्लिम पत्रकारों तथा टीएमसी सांसद तथा हिन्दू कॉलेज के एक अध्यापक ने तो नीचता की सारी सीमाएं ही लांघ दीं । यह टिप्पणियां इतनी अश्लील और अभद्र है कि इनका उल्लेख नहीं किया जा सकता। यह हिंदू समाज का धैर्य ही है कि वह इनता सब कुछ सुनकर भी शांत रहकर माननीय न्यायपालिका पर भरोसा रखते हुए अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा कर रहा है। अभी जब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल ही रही थी उसी दिन (शुक्रवार 20.05.20222) को जिस प्रकार से मुस्लिम समाज ने ज्ञानवापी मस्जिद मे निर्धारित संख्या से अधिक जाकर नमाज अदा करने की कोशिश की वह यह बताता है कि एक पक्ष में धैर्य की कितनी कमी है और वह भीड़ की ताकत के बल पर हिंदू समाज को भी धमकाना चाह रहा है और देश की न्यायपालिका को भी परोक्ष रूप से धमकाना चाह रहा था। लेकिन देश की न्यायपालिका बहुत ही मजबूत कंधों पर स्थित है और वह किसी भी पक्ष के दबाव में आये बिना अपना काम कर रही है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान भी मुस्लिम पक्षकार विवाद के चलते साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ने की धमकी दे रहे थे लेकिन माननीय न्यायालय उनके दबाव में नहीं आया और संतुलन स्थापित करते हुए सराहनीय आदेश दिया। कुछ राजनैतिक दल कितनी नीचता पर उतरे हुए हैं इसका अनुमान लखनऊ विश्व विद्यालय की एक घटना से लगाया जा सकता है जहाँ एक प्रोफेसर ने भगवान शिव, शिवलिंग व हिंदू देवी- देवताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करके वातावरण को खराब करने का प्रयास किया। जब प्रशासन ने उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू की तब पर्दे के पीछे से जो राजनैतिक दल उनको अपना संरक्षण प्रदान कर रहे थे, वह सभी दल बाहर आ गये।

विश्व विद्यालय के रिटायर्ड शिक्षकों सहित सपा, बसपा, वामपंथी, छात्र संगठनों के समूह सहित प्रदेश की राजनीति में अपनी जमीन खो चुके भीम आर्मी प्रमुख चंद्रषेखर रावण भी मैदान में कूद पड़े।

# नया जमाना नई सोच

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**कभी-कभी** सोचता हूँ कि यदि कबीर आज के जमाने में होते तो क्या होता? हिंदू का जन्मा और मुसलमान का पाला-पोसा। बाप रे बाप! इतना बड़ा रिस्क लेकर जीना यानी बुलडोजर चलवाने जैसी बात हो जाती। अमा यार वैसे खतरे उनके जमाने में भी कम नहीं थे। इसीलिए जहाँ खुदा को बहरा कहा, वहीं भगवान को पत्थर कह रिस्क लेने वाले कबीर किसी जेम्स बांड से कम थोड़ी न थे। जो भी हो उनके बाल अनुभव से पके थे। बालों की सुफेदी इसी चिंता में और गहराती गई कि वे जागते क्यों हैं और रोते क्यों हैं? हो न हो या तो उनके जमाने में कानिया गुरु नहीं थे जो पैंतीस-चालीस का पेट्रोल वाला लॉफिंग थेरेपी कर उन्हें ठीक कर देते या फिर कोरोनाकाल जैसी धनउगाऊ फार्मा कंपनियाँ। वह तो शुक्र मनाओ कि आज के जैसे अस्पताल उस जमाने में नहीं थे। वरना कबीर के जागने और रोने की समस्या के इतने डायग्नोस्टिक टेस्ट होते कि उसका बिल चुकाते-चुकाते उनकी सातों पुश्ते सड़क पर आ जाती। जो भी हो बहुत किस्मत वाले थे कबीर। मैंने कबीर के दर्शन को अपने हिसाब से समझने का प्रयास किया है। वे परोक्ष रूप से यही कहना चाहते थे कि जब तुम जागकर रो नहीं सकते हो तो आँख, कान, मुँह बंद कर लो। यही सुखी होने का सबसे अच्छा उपाय है। यहाँ आँख में मिर्ची डालने, कान में पारा बहाने और मुँह में लत्ता ठूँसने का दौर जारी है। जो यह सब सह सकता है वही प्रजातंत्र का सबसे सुखी जीव है। हाल ही में प्रजातंत्र की मेगा नीलामी हुई। कई भाग्यशाली नेताओं पर छप्पर फाड़कर वोटों की वर्षा हुई। वो शान से विधायक-सांसद बन गए। लेकिन सभी इतनी किस्मत वाले नहीं थे। कुछ मुश्किल से अपनी जमानत बचा पाए। कईयों की जमानत जब्त हो गई। प्रजातंत्र की माया निराली है। किसी समय इसे सर्वोपरि व्यवस्था कहा जाता था। लेकिन अब कुल मिलाकर राजतंत्र ही ठीक लग रहा है।

## जसप्रीत बुमराह ने तोड़ा हरभजन का बड़ा रिकॉर्ड, सीजन में 15 विकेट भी लिए

**मुंबई ।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए अहम मुकाबले में मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर से अपनी अच्छी फॉर्म का सबूत दिया। बुमराह ने 25 रन देकर तीन विकेट निकाले और दिल्ली को बड़े स्कोर तक जाने से रोक दिया। बुमराह ने इसीके साथ मुंबई इंडियंस की ओर से आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने की लिस्ट में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। उन्होंने हरभजन सिंह को पीछे छोड़ दिया है।



**मुंबई की ओर से सर्वाधिक विकेट**

195 लासिथ मलिंगा
148 जसप्रीत बुमराह
147 हरभजन सिंह
91 जयदेव उनादकट
90 आरपी सिंह

वहीं, आईपीएल में सबसे ज्यादा बार पारी में तीन विकेट की बात की जाए तो बुमराह 19 बार यह कारनामा कर टॉप पर बने हुए हैं। उन्होंने पहले मलिंगा भी 19 बार यह रिकॉर्ड बना चुके हैं। इस लिस्ट में अमित मिश्रा (17), डीजे ब्रावो (16), उमेश यादव (16) और युजी चहल (15) का नाम है। अगर सीजन में बुमराह के प्रदर्शन की बात की जाए तो उन्होंने 14 मैचों में 7.18 की इकोनमी के साथ 15 विकेट निकाली हैं। उन्होंने किफायती गेंदबाजी की। 6 मैच ऐसे भी रहे जिसमें उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। बुमराह ने कोलकाता के खिलाफ महज 10 रन देकर 5 विकेट लेकर वापसी की थी। अब आखिरी मैच में उन्होंने दिल्ली के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले में 25 रन देकर 3 विकेट चटका लिए।

## IND vs SA दूसरा टी-20ई होगा खास, इतने फीसदी दर्शकों को मिली अनुमति

**मुंबई ।** ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टी-20 आई मैच के लिए कमर कस रहा है। कटक के बाराबती स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में 100 प्रतिशत दर्शक मैदान पर आ सकेंगे। ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव संजय बेहरा ने बताया कि मुकाबले से पहले स्टेडियम में 2 नए ड्रेसिंग रूम भी बनाए गए हैं।

ओसीए के सचिव संजय बेहरा ने कहा- मैच 100 प्रतिशत दर्शकों की क्षमता के साथ खेला जाएगा, क्योंकि ओडिशा सरकार ने इसकी अनुमति दे दी है। राज्य सरकार, पुलिस विभाग और अन्य हितधारकों इसके लिए प्रयासरत है। बता दें कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाली टी-20 सीरीज कई मायनों में खास होगी। ओडिशा में पहली बार एलईडी स्पोर्ट्स फ्लड लाइट का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा बाराबती स्टेडियम में नए बिछाए गए सैंड बेस्ड आउटफील्ड पर मैच होगा।

ओडिशा क्रिकेट संघ (ओसीए) इस मैच के लिए एक पूर्ण ग्राउंड कवर का उपयोग करेगा जो पूरे खेल के मैदान को कवर करेगा। इसे यूनाइटेड किंगडम से आयात किया गया है। इसके अलावा दो ऑस्ट्रेलियाई सुपर सॉपर का भी इस्तेमाल होगा। मैच के लिए दोनों टीमें 10 जून को भुवनेश्वर पहुंचेंगी। टिकट 1 जून से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में उपलब्ध होंगे।

## रणनीति और उस पर अमल बेहतर हो सकता था : पंत

**मुंबई ।** मुंबई इंडियंस से पांच विकेट से हारकर आईपीएल से बाहर हुई दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि उनकी टीम को बेहतर रणनीति और उस पर बेहतर अमल करने की जरूरत थी । पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने सात विकेट पर 159 रन बनाये जो मुंबई ने पांच गेंद बाकी रहते बना डाले। पंत ने मैच के बाद कहा ,'' मैच में अधिकांश समय हम अच्छी स्थिति में थे लेकिन उस स्थिति में पहुंचकर हमने पकड़ ढीली कर दी। पूरे टूर्नामेंट में ऐसा होता आया है । बात दबाव की नहीं बल्कि रणनीति बेहतर होने और उस पर बेहतर अमल की है ।'' उन्होंने कहा ,'' पूरे टूर्नामेंट में इसकी कमी खली है । हमने अपनी गलतियों से सबक ले लिया है और अगले साल मजबूत टीम के रूप में वापिस आयेंगे ।'' मुंबई के बल्लेबाज टिम डेविड के विकेट के पीछे लपके जाने पर डीआरएस नहीं लेने के बारे में उन्होंने कहा ,'' मुझे लगा था कि गेंद बल्ले से लगी है लेकिन सर्कल में खड़े सभी लोग इसे लेकर आश्वस्त नहीं थी । मैने पूछा कि क्या करना है और आखिर में रिव्यू नहीं लेने का फैसला किया ।''



# कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने जीता विश्व कप चरण में लगातार दूसरा स्वर्ण, अभिषेक, अमन और रजत की तिकड़ी ने किया कमाल

**ग्वांग्जू।** भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने दक्षिण कोरिया के ग्वांग्जू में हुए फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस को दो अंक से पछाड़कर विश्व कप चरण में लगातार स्वर्ण पदक जीता। यह विश्व कप के पहले चरण के फाइनल का दोहराव रहा।

अभिषेक वर्मा, अमन सैनी और रजत चौहान की तिकड़ी पहले दो दौर में छठी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी से पिछड़ रही थी। तीसरे दौर में भारतीय तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के एड्रियन गोंटियर, जीन फिलिप बलूच और केंटिन बराएर को 232-230 से शिकस्त देकर विश्व कप के दूसरे चरण में स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला।



अप्रैल में अंताल्या में हुए पिछले विश्व कप फाइनल में इसी भारतीय तिकड़ी ने फ्रांस को एक अंक से पराजित किया था। ओलंपिक स्पर्धा रिकर्व में केवल महिला टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मिला था लेकिन कंपाउंड में विश्व कप चरण-2 में भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। अभिषेक वर्मा ने मिश्रित टीम स्पर्धा में अवनीत कौर के साथ तुर्की की जोड़ी को 156-155 से हराकर कांस्य पदक जीता। कौर का यह दूसरा कांस्य रहा। इससे पहले उन्होंने टीम स्पर्धा में पदक जीता था।

**मोहन ने रजत जीता, विश्व चैंपियन को भी हराया**

कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में मोहन भारद्वाज ने विश्व कप में रजत पदक जीता। इस दौरान उन्होंने गत विश्व चैंपियन निको विनर को भी हराया। दुनिया में 223 नंबर के मोहन ने पिछले महीने विश्व कप में पदार्पण किया और अपने कॅरिअर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में दुनिया के सातवें नंबर के आस्ट्रियन को 143-141 से हराया।

उत्तराखंड के 32 साल के तीरंदाज को फाइनल में दुनिया के नंबर एक नीदरलैंड के माइक स्कोलेसर से 141-149 से मात मिली। यह रजत उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहला व्यक्तिगत पदक है। उन्होंने 2019 में बैंकॉक एशियन चैंपियनशिप में टीम रजत जीता था। प्री क्वार्टर में भारद्वाज ने दुनिया के 12वें नंबर के स्लोवेकियाई जोजेफ को भी हराया था। फिर कोरिया के येंग जेइवोन को 147-140 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी।

### ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने बताया अपना लक्ष्य

## इस साल 90 मीटर दूर तक फेंकना चाहते हैं भाला

**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैंपियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का कहना है कि अपने प्रतिद्वंद्वियों के सत्र की शुरुआत में बेहतरीन प्रदर्शन से वह परेशान नहीं हैं लेकिन उन्होंने कहा कि वह भी इस साल 90 मीटर का थ्रो फेंकना चाहेंगे।

मौजूदा विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और टोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के जाकूब वालेच ने 13 मई को दोहा डायमंड लीग में क्रमशः 93.07 और 90.88 मीटर के थ्रो फेंके।

चोपड़ा ने तुर्की में अपने अभ्यास केंद्र से ऑनलाइन बातचीत में कहा, 'मैं दूरी का दबाव नहीं लेता। पीटर्स और जाकूब काफी मेहनत कर रहे हैं जिसकी वजह से अच्छा प्रदर्शन किया। मेरा भी सपना 90 मीटर पार करने का है और इसी साल कोशिश करूंगा।' उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि प्रतिस्पर्धा कठिन है और बढ़ रही है। यह दिन के



प्रदर्शन, मौसम और अन्य हालात पर निर्भर करता है। मैं आम तौर पर किसी के प्रदर्शन से आगे निकलने या रिकॉर्ड के बारे में नहीं सोचता। मेरा फोकस अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर रहता है।'

चोपड़ा इस समय तुर्की के अंताल्या में कोच क्लाउस बार्तोनिएज के साथ अभ्यास कर रहे हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 88.07 मीटर है। वह सत्र की पहली प्रतिस्पर्धा फिनलैंड में खेलेंगे जहां उनका सामना पीटर्स और जर्मनी के जोहानेस वेटर से होगा जो कई बार 90 मीटर से ऊपर का थ्रो लगा चुके हैं। इसके बाद वह जून में फिनलैंड में कुओर्तेन खेलों में भाग लेंगे जहां वह पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन है। उसके अलावा राष्ट्रमंडल खेलों में फिर स्वर्ण जीतना चाहूंगा।'

## महिला प्रो लीग के लिए भारतीय टीम का ऐलान, सविता करेगी टीम की अगुवाई

**नई दिल्ली।** भारत ने जून में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) प्रो लीग मैचों के यूरोपीय चरण के लिए शनिवार को सविता पूनिया के नेतृत्व में 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का चयन किया।

भारतीय टीम स्पेन और नीदरलैंड में एक से 17 जुलाई तक खेले जाने वाले एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप से पहले 11 से 22 जून तक प्रो लीग के छह मैच खेलेगी।

भारतीय टीम 11 और 12 जून को एंटवर्प में मेजबान बेल्जियम के खिलाफ खेलने के बाद नीदरलैंड के रॉटरडैम में अर्जेंटीना (18 और 19 जून) और अमेरिका (21 और 22 जून) का सामना करेगी। सविता टीम का नेतृत्व करना जारी रखेगी, हालांकि स्टार स्ट्राइकर और पूर्व कप्तान रानी रामपाल के टोक्यो



ओलंपिक के बाद पहली बार मैदान पर उतरने के लिए तैयार है। हैमस्ट्रिंग की चोट से परेशान रानी लंबे समय से रिहैबिलिटेशन में थीं। उन्हें पिछले महीने नीदरलैंड्स के खिलाफ भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग के आखिरी दो मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन वह नहीं खेल पाई थी।

अनुभवी डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का टीम की उप कप्तान होंगी जिसमें बिचु देवी खरीबाम, इशिका चौधरी, अक्षता अबसो ढेकाले, बलजीत कौर, संगीता कुमारी और दीपिका जैसे जूनियर विश्व कप सितारे भी हैं। स्विट्जरलैंड में चार और पांच जून को होने वाली 'एफआईएच महिला हॉकी 5' में भारतीय टीम की कप्तान और उपकप्तान क्रमशः रजनी एतिमारपू और महिमा चौधरी के अलावा राजविंदर कौर को स्टैंडबाय के तौर पर रखा गया है।

## पीवी सिंधू के सेमीफाइनल ओलंपिक चैंपियन चेन से हारीं, अब इंडोनेशिया मास्टर्स में लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में ओलंपिक चैंपियन चेन यु फेई से सीधे गेम में पराजित होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। बैंकॉक में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू तीसरी वरीयता प्राप्त चेन से 43 मिनट में 17-21 16-21 से हार गई जिससे उनका सुपर 500 टूर्नामेंट में शानदार सफर खत्म हो गया।

छठी वरीयता प्राप्त सिंधू का इस मैच से पहले चेन के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 6-4 था लेकिन वह चीन की इस खिलाड़ी के खिलाफ वैसा दमदार प्रदर्शन नहीं कर सकीं। वहीं चेन ने आक्रामक बैडमिंटन खेलकर जीत हासिल की। हैदराबाद की 26 वर्षीय खिलाड़ी को पिछली बार चेन से 2019 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर



फाइनल्स में हार मिली थी। सिंधू पहले गेम में 3-3 की बराबरी के बाद ब्रेक तक 7-11 से पिछड़ रही थीं। चेन ने रैलियों से दबदबा बनाना जारी रखा और पांच गेम प्वाइंट बरकरार रखे।

सिंधू ने दो गेम प्वाइंट बचाए लेकिन चीनी प्रतिद्वंद्वी ने पहला गेम आसानी से जीत लिया। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने दूसरे गम में बेहतर खेल दिखाते हुए 6-3 की बढ़त बना ली और ब्रेक तक दो अंक की बढ़त बनाए रखीं लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की चीन की खिलाड़ी ने जल्द ही गेम पर कब्जा करना शुरू किया और 15-12 से आगे हो गईं। इसके बाद सिंधू लय नहीं पलट सकीं और चेन ने चार मैच प्वाइंट हासिल कर जीत दर्ज की।

इस सत्र में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय और स्विस ओपन में दो सुपर 300 खिताब जीतने वाली सिंधू अब सात से 12 जून तक जकार्ता में होने वाले इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में शिरकत करेंगी।

## आईपीएल 2022 रोहित शर्मा का सबसे खराब सीजन, फिफ्टी बनाने तक को तरसे

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस का यह सीजन जितना खराब रहा उतना ही खराब टीम के कप्तान रोहित शर्मा का भी रहा है। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा इस सीजन रन बनाने के लिए मैदान पर संघर्ष करते हुए ही दिखाई दिए हैं। इस आईपीएल सीजन रोहित के बल्ले से 14 पारियों में मात्र 268 रन की ही निकले है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आखिरी मैच में रोहित शर्मा 13 गेंदों पर 2 रन बनाकर आउट हुए। रोहित शर्मा ने इस आईपीएल सीजन में 19.14 की औसत से 268 रन बनाए हैं। आईपीएल इतिहास में यह रोहित शर्मा का एक सीजन में सबसे खराब औसत है। वहीं इस सीजन रोहित की बल्लेबाजी स्ट्राईक रेट भी नीचे आई है। बड़े छक्के लगाने के लिए मशहूर रोहित शर्मा इस सीजन 120.18 की स्ट्राईक से रन बनाएं हैं जोकि उनका आईपीएल सीजन में दूसरा सबसे निचला स्ट्राईक रेट है।

**रोहित शर्मा के एक सीजन में सबसे कम स्कोर**

268 - 2022
286 - 2018
332 - 2020
333 - 2017
362 - 2009

एक सीजन में रोहित शर्मा का सबसे कम स्ट्राईक रेट

19.1- 2022*
23.8 - 2017
23.8 - 2018

यहां तक कि इस सीजन रोहित शर्मा एक अर्धशतक भी बनाने में कामयाब नहीं हो पाए हैं। इस सीजन रोहित शर्मा का सर्वाधिक स्कोर 48 रन रहा है।

## एक राउंड पहले ही विश्वनाथन आनंद नें जीता सुपरबेट रैपिड शतरंज

**वारशा ,पोलैंड।** पहले दिन ो लगातार अच्छे खेल से ुरुआत करने वाले भारत के पाँच ार के विश्व चैम्पियन 52 वर्षीय ़श्वनाथन आनंद नें आखिरकार ांड चैस टूर के दूसरे पड़ाव ुपरबेट रैपिड शतरंज का खिताब पने नाम कर लिया है । अंतिम ़न आनंद नें सबसे पहले ़मानिया के डेविड गवीरलेसकू ो काले मोहरो से स्कॉच ोपनिंग मे मात दी तो उसके बाद ़फ़ेद मोहरो से यूएसए के ़बियानों करूआना को पेट्रोफ ़फेंस में आसानी से ड्रॉ पर ़कते हुए कुल 14 अंक बनाकर ाकी खिलाड़ियों से 3 अंक का ंतर बनाते हुए अपना खिताब ीतना एक राउंड पहले ही ़ुनिश्चित कर लिया ।

अंतिम राउंड में जरूर आनंद को अपने निकटतम प्रतिद्वंदी हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट से काले मोहरो से पेट्रोफ ओपेनिंग में एक रोमांचक मुक़ाबले में हार का सामना करना




पड़ा । कुल 9 राउंड के बाद आनंद 14 अंक लेकर पहले , 13 अंक बनाकर रिचर्ड दूसरे तो पोलैंड के यान डूड़ा 12 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर रहे । अब इसके बाद अगले दो दिन ब्लिट्ज़ के कुल 18 मुक़ाबले खेले जाएँगे और उसके बाद ओवरऑल विजेता तय किया जाएगा । रैपिड में जहां जीतने पर अंक मिल रहे थे तो अब ब्लिट्ज़ में 1 अंक मिलेगा ।

# प्रमोद भगत जीते दो स्वर्ण पदक, तरुण ढिल्लो ने कोरिया के खिलाड़ी को हराकर जीता सोना

**ग्वांग्जू।** पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने मनामा में बहरीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीते। भगत को पुरुष एकल एसएल3 फाइनल में इंग्लैंड के चिर प्रतिद्वंद्वी डेनियल बेथेल से वॉकओवर मिला जबकि उन्होंने मनीषा रामदास के साथ मिलकर मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग के फाइनल में थाईलैंड के सिरपोंग टीमारोम और साएनसुपा निपाडा की जोड़ी को 21-4 21-11 से पराजित किया।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी भगत ने एसएल3 सेमीफाइनल में हमवतन और पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता मनोज सरकार पर 21-16 21-14 से जीत दर्ज की थी। वहीं तरुण ढिल्लो भी पुरुष एकल एसएल-4 फाइनल में



स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने कोरिया के शिन क्यूंग हवान को फाइनल में 21-9 21-9 से शिकस्त दी। वहीं सेमीफाइनल में थाईलैंड के सिरपोंग टीमारोम को 21-14 21-15 से हराया था।

**मंदीप को रजत से करना पड़ा संतोष**

महिला एकल में मंदीप कौर (एसएल3) को फाइनल में हलीमे यिल्डिज से 5-21 17-21 की हार से रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उन्होंने शीर्ष वरीय और हमवतन मानसी जोशी को सेमीफाइनल में 21-18 21-14 से हराकर उलटफेर किया था।

**इन मुकाबलों में भारतीयों का पदक पक्का**

अन्य मुकाबलों में ढिल्लो और नितेश कुमार ने पुरुष युगल एसएल3-एसएच4 के सेमीफाइनल में जीत दर्ज की और फाइनल में उनका सामना थाईलैंड के मोंगजोन बुनसुन और सिरिपोंग टीमारोम की जोड़ी से होगा। भारतीय जोड़ी ने अंतिम चार में कोरिया के ह्वान और जू डोंगजाए की जोड़ी को सीधे गेम में 21-18 21-18 से पराजित किया।

महिलाओं की स्पर्धा में रामदास (एसयू5) और मंदीप कौर (एसएल3) ने महिला युगल के फाइनल में जगह बनाई, जहां इस भारतीय जोड़ी का सामना पलक कोहली और पारुल परमार की पैरालंपिक जोड़ी से होगा। हालांकि, परमार को महिला एकल एसएल3 सेमीफाइनल में तुर्की की हलीमे यिल्डिज से 5-21 18-21 से हार मिली।

फाइनल में पहुंचे अन्य भारतीयों में नित्या सुमति सिवान शामिल हैं जिन्होंने महिला एकल एसएच6 के सेमीफाइनल में थाईलैंड की चाई साएयांग पर 21-13 21-18 से जीत हासिल की। चिराग बरेठा और राज कुमार ने पुरुष युगल एसयू5 स्पर्धा तथा ढिनागरन पांडुरंगन और सिवराजन सोलोइमलाई की जोड़ी ने एसएच6 के फाइनल में प्रवेश किया।

# बेंगलुरु प्लेऑफ में, मुंबई ने 5 विकेट से जीता मैच

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच ाईपीएल 2022 का 69वां मैच मुंबई के वानखेड़े टेडियम में खेला गया। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित ार्मा ने टॉस जीत लिया है और पहले गेंदबाजी का ़सला किया है। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई डियंस को 160 रन का लक्ष्य दिया। मुंबई की टीम ने स लक्ष्य को आखिरी ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल ़र लिया। मुंबई इंडियंस की इस जीत के साथ ही रॉयल ़लेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई ़र लिया है। दिल्ली के लिए डेविड वॉर्नर के साथ पृथ्वी शॉ ने ओपनिंग क्रम पर आकर टीम की सधी शुरूआत दी। दोनों ने पहले दो ओवरों में टीम का स्कोर 12 रन कर दिया। वार्नर कुछ खास नहीं कर पाए। उन्हें डैनियल सैम्स ने बुमराह के हाथों कैच आऊट कराया। मिचेल मार्श को बुमराह ने अपनी गेंद पर रोहित के हाथों आऊट कराया। बुमराह ने इसके बाद पृथ्वी का भी विकेट निकाला। अब कप्तान ऋषभ पंत पर सारी जिम्मेदारी आ गई। तभी सरफराज खान पवेलियन लौट गए। सरफराज खान 10 रन पर मार्कंडेय की गेंद का शिकार बने।

रमनदीप सिंह ने दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को 39 रन पर आउट करके मुंबई को 5वीं सफलता दिलाई। जसप्रीत बुमराह ने खतरनाक यॉर्कर से रोवमैन पॉवेल को अर्धशतक बनाने से रोका और अपना तीसरा



विकेट हासिल किया। पॉवेल 34 गेंदों पर एक चौका और 4 छक्के की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए।

आखिरी ओवर में छक्का लगाने के चक्कर में शार्दुल ठाकर रमनदीप सिंह को विकेट दे बैठे। शार्दुल 4 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल अंत तक नाबाद रहे और उन्होंने 19 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने आई मुंबई इंडियंस की शुरूआत अच्छी नहीं रही और कप्तान रोहित शर्मा रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए दिखे। एनरिक नोर्त्जे ने रोहित को आउट कर दिल्ली की टीम को पहली सफलता दिलाई। अर्धशतक के करीब पहुंच चुके ईशान किशन छक्का लगाने के चक्कर में कुलदीप यादव की गेंद पर कैच आउट हो गए। ईशान किशन 35 गेंदों पर 3 चौके और 4 छक्के की मदद से 48 रन बनाए। शार्दुल ठाकुर ने तेजी से रन बना रहे डिवाल्ड ब्रेविस को 37 रन पर आउट किया। ब्रेविस ने अपनी इस पारी के दौरान एक चौका और 3 छक्के लगाए। बल्लेबाजी के लिए टिम डेविड ने 11 गेंदों पर 2 चौके और 4 छक्के लगाकर 34 रन बनाए और मैच को रोमांचक मोड़ पर ले आए। पर शार्दुल ठाकुर ने टिम डेविड को आउट करके टीम को दिल्ली को बड़ी सफलता दिलाई।

## कानून-व्यवस्था में सुधार के चलते श्रीलंका में हटाया गया आपातकाल

**कोलंबो:** श्रीलंका सरकार ने देश में लागू आपातकाल हटा लिया। देश में अभूतपूर्व आर्थिक संकट और सरकार विरोधी प्रदर्शनों



को देखते हुए दो सप्ताह पहले आपातकाल लागू किया गया था। सरकार ने कानून-व्यवस्था में सुधार के मद्देनजर आपातकाल नियमन को संसद में पेश नहीं करने का फैसला किया। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने एक महीने के अंदर दूसरी बार छह मई की मध्यरात्रि को आपातकाल लागू किया था। 'हिरु न्य' की खबर के अनुसार राष्ट्रपति सचिवालय ने कहा है कि मध्यरात्रि से आपातकाल हटा लिया गया है। आपातकाल को लागू करना या बनाए रखना संसद पर निर्भर है, जिसे राष्ट्रपति द्वारा अधिसूचना के 14 दिनों के भीतर सदन में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। हालांकि सरकार ने संसद में आपातकाल नियमन को प्रस्तुत नहीं करने का फैसला किया। आपातकाल के दौरान पुलिस और सुरक्षा बलों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने और हिरासत में लेने की असीमित शक्ति मिल जाती है। श्रीलंका में सरकार समर्थक और सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हुई झड़पों में 10 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। श्रीलंका साल 1948 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद से अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। विदेशी मुद्रा की कमी के कारण यह संकट पैदा हुआ है जिसके कारण देश आयातित अनाज और ईंधन के लिए भुगतान नहीं कर पा रहा। इससे जरूरी सामानों की घोर किल्लत हो गई है और कीमतें बहुत बढ़ गई हैं।

## इस्राइल द्वारा फिलिस्तीन में चलाया जा रहा आतंकवाद रोधी अभियान, सैनिकों की गोलीबारी में एक किशोर की मौत

**येरूशलम/दमिश्क:** इस्राइली सैनिकों ने वेस्ट बैंक में एक फलस्तीनी किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी। इस्राइल की सेना ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है लेकिन फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय और स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। बता दें, इस्राइली सैनिक



जेनिन शहर में कुछ माह से रात को छापे मार रहे हैं। फलस्तीनी स्वास्थ मंत्रालय ने मारे गए किशोर की शिनाख्त अमजद अल-फय्याद (17) के तौर पर की है। मंत्रालय ने बताया कि इस्राइली गोलीबारी में एक अन्य किशोर घायल हुआ है, जिसकी हालत गंभीर है। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, इस्राइली बलों के आने के बाद जेनिन में शरणार्थी शिविर के बाहर झड़पें शुरू हो गईं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अल-फय्याद को गोली क्यों मारी गई। इस्राइल का कहना है कि वह वांछित आतंकवादियों और इस्राइल पर हाल-फिलहाल में हुए घातक हमलों के साजिशकर्ताओं को पकड़ने के लिए 'आतंकवाद रोधी अभियान' चला रहा है।

## जर्मनी में तूफान के चलते उठे तीन बवंडर, 40 से अधिक लोग घायल

**बर्लिन।** जर्मनी में आए तूफान के चलते तीन बवंडर (टॉर्नेडो) पैदा हो गए हैं, जिसके चलते देश के एक पश्चिमी शहर में 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। देश की मौसम सेवा ने शनिवार को यह जानकारी दी। मौसम विज्ञानियों ने पश्चिमी और मध्य जर्मनी में भारी बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी थी जबकि पश्चिमी राज्य नॉर्थ राइन-वेस्टफेलिया में लोगों को घरों में रहने की सलाह दी गई थी। आए तूफान के चलते पहले ही यातायात बाधित हो गया था। इसके अलावा रेल पटरियों और सड़कों पर पेड़ उखड़कर गिर गए जबकि पश्चिमी जर्मनी में सैकड़ों तहखानों में पानी भर गया। जर्मन मौसम सेवा ने नॉर्थ राइन-वेस्टफेलिया में तीन बवंडर खड़े होने की पुष्टि की है।

# ऑस्ट्रेलिया चुनाव : पीएम स्कॉट ने गंवाई गद्दी, लेबर पार्टी के एंथनी अल्बनेसी की जीत; नई सरकार में निर्दलीय भी होंगे

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया चुनाव नतीजों में प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन की लिबरल पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है।

एंथनी अल्बनेसी लेबर पार्टी ने जोरदार जीत हासिल की है। देर रात लेबर पार्टी को 71 जबकि लिबरल पार्टी को 52 सीटें मिलीं। 10 सीटों पर निर्दलीयों ने जीत हासिल की है। इससे ये साफ है कि अल्बनेसी को निर्दलीय और अन्य छोटी पार्टियों के समर्थन से सरकार का गठन करना होगा।

पिछले लगभग 10 सालों से ऑस्ट्रेलिया में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी की हार का सबसे बड़ा कारण महंगाई का मुद्दा रहा। ऑस्ट्रेलिया में महंगाई दर ने 32 साल का रिकॉर्ड स्तर पर है। महंगाई दर



5.1 प्रतिशत दर्ज की गई है। ऑस्ट्रेलिया के रिजर्व बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने 3 मई को ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी। पहले यह दर महज 0.1 प्रतिशत थी। जबकि एंथनी ने लोगों को घर देने को सबसे बड़ा मुद्दा बनाया। उन्होंने 'हेल्प टू बाय' स्कीम के तहत हाउसिंग फंड का वादा किया।

अब पीएम बनने के बाद अल्बनेसी सबसे पहले मंगलवार को टोक्यो में क्वॉड देशों की बैठक में भाग लेंगे।

अब पीएम बनने के बाद अल्बनेसी सबसे पहले मंगलवार को टोक्यो में क्वॉड देशों की बैठक में भाग लेंगे।

**एंथनी ने गरीबी देखी, मां करती थी लोगों के घरों में काम**

एंथनी अल्बनेसी का बचपन बेहद गरीबी में गुजरा। पिता बचपन में ही मां से अलग हो चुके थे। एंथनी की मां लोगों के घरों में साफ-सफाई का काम करती थीं। एक वक्त काम छूटने के बाद एंथनी की मां ने सरकारी पेंशन से गुजारा किया।

**कोविड के प्रबंधन में भी स्कॉट विफल साबित हुए**

कोविड लॉकडाउन के दौरान स्कॉट बढ़ती बेरोजगारी पर काबू नहीं कर पाए।

चीन नीति फेल, सोलोमन आइलैंड ने चीन के साथ समझौता कर लिया।

महिलाओं की सुरक्षा और उनके साथ भेदभाव के मुद्दे पर भी लोगों में रोष।

स्कॉट ने एंटी करप्शन आयोग के गठन का वादा किया, लेकिन गठन नहीं।

बड़ी कंपनियों पर ज्यादा टैक्स वसूली नहीं कर पाए। मिडिल क्लास में रोष।

क्लाइमेंट चेंज के कारण जंगलों में आग की घटनाओं पर नियंत्रण नहीं कर पाए।

## नेपाल में रेप से जुड़े कानून को लेकर विरोध:8 साल पुराना केस आया सामने, पीएम के घर के बाहर प्रदर्शन

**काठमान्डू।** नेपाल में इन दिनों महिलाओं के खिलाफ यौन शोषण से जुड़े कानून में बदलाव लाने के मामले ने जोर पकड़ा हुआ है। लोग सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में एक 24 साल की युवती ने ब्यूटी पेजेंट ऑर्गेनाइजर पर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप लगाए। इसके बाद लोगों ने न्याय की मांग करते हुए प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के घर के बाहर प्रदर्शन किया।

**क्या है मामला**

दरअसल, ये मामला 2014 का है। नेपाल में कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक 24 साल की युवती ने उसके साथ रेप होने की बात कही। वीडियो में युवती ने बताया कि साल 2014 में ब्यूटी पेजेंट ऑर्गेनाइजर ने उसका कई बार रेप किया।

युवती ने कहा- उस समय मैं 16 साल की थी। मैंने ब्यूटी पेजेंट जीता था। मेरी जीत का जश्न



मनाने के लिए ऑर्गेनाइजर ने मुझे एक सक्सेस पार्टी में शामिल होने के लिए इनवाइट किया। मैं जब वहां पहुंची तो ऑर्गेनाइजर के अलावा कोई और मौजूद नहीं था। उसने मुझे इंतजार करने के लिए कहा। फिर एक वेटर मेरे लिए नींबू पानी लाया। जिसे पीने के बाद मुझे कुछ ठीक नहीं लगा। मैंने ऑर्गेनाइजर से घर छोड़ने के लिए कहा, लेकिन उसने मुझे जाने नहीं दिया। ऑर्गेनाइजर ने मुझे ड्रग्स देकर मेरे साथ गलत काम किया। बाद में वो मुझे ब्लैकमेल करने लगा। इस घटना के बाद मैंने कई लोगों से मदद मांगी, लेकिन किसी ने साथ नहीं दिया। सभी मुझे नीचा दिखा रहे थे या मेरा फायदा उठाना चाहते थे।

ये केस संसद पहुंचा जहां स्पीकर ने इस मामले में जांच करने के निर्देश दिए हैं।

ये केस संसद पहुंचा जहां स्पीकर ने इस मामले में जांच करने के निर्देश दिए हैं।

**क्या कहता है नेपाल का कानून**

नेपाल में यौन शोषण से जुड़े कानून के तहत शिकायत दर्ज करवाने की सीमा एक साल है। यानी दुष्कर्म होने के एक साल बाद तक ही महिला आरोपी के खिलाफ स्नद्बक्र दर्ज करवा सकती है। ये समय सीमा खत्म होने के बाद महिला न्याय की मांग नहीं कर सकती है।

इसी कानून में बदलाव लाने के लिए लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों ने रेप और यौन शोषण से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाने की मांग की।

## अमेरिकी वायु सेना के तीन कैडेट को टीका लगवाने से इंकार पड़ा भारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में वायु सेना के तीन कैडेट को कोरोना टीका लगवाने से इंकार करना भारी पड़ गया। अमेरिकी वायु सेना अकादमी के उन तीन कैडेट को सैन्य अधिकारी के तौर पर शामिल नहीं किया जाएगा जिन्होंने कोरोना वायरस संक्रमण रोधी टीके की खुराक लेने से मना कर दिया था। हालांकि इन कैडेट को स्नातक की डिग्री प्रदान की जाएगी। अकादमी के प्रवक्ता डीन मिलर ने यह जानकारी दी।




उन्होंने कहा कि चौथे एक और कैडेट जिसने करीब एक सप्ताह पहले संक्रमण रोधी टीके की खुराक लेने से इनकार किया था, उसने टीका लगवाने के लिए हामी भर दी है, इसलिए अब वह स्नातक पूरा करके वायु सेना का अधिकारी बनेगा। मिलर ने एक बयान जारी करके कहा कि तीनों कैडेट को डिग्री दी जाएगी ''लेकिन जब तक वे टीके नहीं लगवाते उन्हें अमेरिकी वायु सेना में कमीशन नहीं दिया जाएगा।'

गौरतलब है कि अब तक वायु सेना ही एकमात्र सैन्य अकादमी है जहां कैडेट को टीके से इनकार करने पर कमीशन नहीं प्रदान किया जा रहा। गौरतलब है कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने पिछले वर्ष सैन्य बलों के जवानों के लिए कोविड-19 का टीका लगवाना अनिवार्य किया था, इनमें सैन्य अकादमी में पढ़ाई करने वाले कैडेट भी शामिल हैं। ऑस्टिन ने कहा था कि सेना की पूरी तैयारी और जवानों के स्वास्थ्य के लिहाज से टीका जरूरी है। एक सप्ताह पहले वायु सेना अकादमी के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल ब्रायन मागुईरे ने कहा था कि चारों कैडेट को संभावित परिणामों के बारे में बता दिया गया है और उनके पास 'गैजुएशन सेरेमनी' से पहले निर्णय बदलने का वक्त है। इस पर एक कैडेट ने अपना फैसला बदल दिया।

## अमेरिका में ऑनलाइन ड्रग तस्करी बढ़ी: युवा सोशल मीडिया साइट्स पर धड़ल्ले से खरीद रहे नशे की टैबलेट, गंवा रहे जान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी युवाओं में ऑनलाइन ड्रग तस्करी जानलेवा साबित हो रहा है। शीर्ष अमेरिकी संस्थान सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल रिकॉर्ड एक लाख से ज्यादा लोगों ने ड्रग ओवर डोज के कारण जान गंवा दी।

नशे के लिए युवा घातक नशे वाली फेंटेनाइल की टैबलेट खाते हैं। मेडिकल स्टोर्स पर इनकी खरीद के लिए कई प्रतिबंध रहते हैं। ऐसे में माफिया सोशल मीडिया साइट्स जैसे स्नैपचैट, टिकटॉक और अन्य ऐप्स के जरिए टैबलेट को बेचा करते हैं। इन सोशल मीडिया साइट पर खरीदार और विक्रेता दोनों एक-दूसरे को ढूंढ कर, बिना किसी समस्या लेन-देन कर सकते हैं।

अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के मुताबिक 18 से 45 वर्षीय लोग आत्महत्या, ट्रैफिक हादसे और शूटिंग से ज्यादा ड्रग ओवर डोज से मर जाते हैं। अमेरिकन मेडिकल



एसोसिएशन के मुताबिक 18 से 45 वर्षीय लोग आत्महत्या, ट्रैफिक हादसे और शूटिंग से ज्यादा ड्रग ओवर डोज से मर जाते हैं।

**मॉरफीन से 100 गुना घातक होती है फेंटेनाइल**

लैब में निर्मित होने वाली फेंटेनाइल हेरोइन से 50 गुना और मॉरफीन से लगभग 100 गुना घातक होता है।

इसे बनाने की प्रक्रिया काफी तेज और सस्ती है। मेक्सिको, चीन और भारत सहित कुछ देशों में फेंटेनाइल को बड़े पैमाने पर गैरकानूनी तरीके से बनाया जाता हैं।

## उत्तरी मिशिगन में भीषण तूफान से एक की मौत, 40 से ज्यादा घायल

**गेलॉर्ड शहर।** अमेरिका के उत्तरी मिशिगन के गेलॉर्ड शहर में भीषण तूफान से एक शख्स की मौत हो गई और 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। तूफान का असर इतना भीषण था कि वाहन पलट गए, इमारतों की छतें उड़ गईं और पेड़ तथा बिजली के खंभे उखड़ गए। यह तूफान स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 3:45 बजे डेट्रॉइट से करीब 370 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में गेलॉर्ड शहर में आया, जहां करीब 4,200 लोग रहते हैं। कार मरम्मत की दुकान के मालिक माइक क्लेपाडलो ने कहा कि उन्होंने और उनके कर्मचारियों ने बाथरूम में शरण ली। 'मुनसन हेल्थकेयर' के एक प्रवक्ता ब्रायन लॉसन ने बताया कि ओटेस्गा मेमोरियल अस्पताल में 23 लोगों का इलाज चल रहा है तथा एक की मौत हो गई है। उन्होंने घायलों की स्थिति या मृतक की पहचान नहीं बताई। मेयर टॉड शरार्ड ने कहा, मैंने अपने जीवन में कभी इस तरह का कुछ नहीं देखा, मैं स्तब्ध हूं।


# मनी लॉन्ड्रिंग केस में पीएम पीएम शाहबाज को जमानत: जांच एजेंसी ने किया इसका विरोध, कहा पिता-पुत्र आदतन अपराधी घोषित हों

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के 41 दिन में ही शाहबाज शरीफ एक विशेष अदालत में पेश हुए। लगभग 16 अरब रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में शाहबाज और उनके पुत्र और पंजाब के

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।



**PM बनने के 41 दिन बाद ही कोर्ट में पेशी**

शहबाज शरीफ और उनके पुत्र हमजा 16 अरब रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी हैं।

पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस उमर अता बंदीयाल ने इन हाई प्रोफाइल की पहल पर ये रोक लगाई गई है। इमरान की पार्टी का आरोप है कि शरीफ कुनबे की ये पुरानी चाल है कि उनके खिलाफ चल रहे मामलों को कमजोर करने के लिए अपनी पसंद के लोगों की नियुक्ति करते हैं।

**कोर्ट में सुरक्षा के तामझाम देख जज बोले- ये गलत है**

शाहबाज शरीफ और उनके पुत्र हमजा की लाहौर की विशेष कोर्ट में पेशी के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इसके देखकर जज एजाज हसन ने कहा कि पीएम साहब ये कैसी सुरक्षा है, वकीलों और यहां तक कि जजों को भी कोर्ट में आने नहीं दिया जा रहा है। जज हसन ने कहा कि ये गलत है। इस पर प्रधानमंत्री शाहबाज ने कहा कि मुझे भी कोर्ट में आने से रोका गया। जज ने कहा कि आप देश की सरकार के मुखिया हो। आप इसकी जांच के आदेश दें। केवल हां में हां मिलाने से कुछ नहीं होगा। जिस पर शाहबाज ने कहा कि मैं पंजाब के मुख्यमंत्री हमजा शरीफ को इसकी जांच के आदेश दे रहा हूं।

**वर्ल्ड बैंक की मदद से 10 जून को बजट पेश कर पाएंगे शरीफ**

वर्ल्ड बैंक के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद शाहबाज शरीफ ने आम बजट के ऐलान की घोषणा की है। पाकिस्तान सरकार वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजट, वित्त विधेयक के साथ 10 जून को पेश करेगी। बजट में सरकार लगभग 70 हजार करोड़ रुपए की अनुमानित लागत का हिसाब देगी। वर्ल्ड बैंक पाकिस्तान सरकार को 155 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता देगा, आने वाले बुधवार तक इसकी पुष्टि कर दी जाएगी। आर्थिक तंगी का सामना कर रही पाक सरकार को सऊदी सरकार से लगभग 8 अरब डॉलर मदद मिली है।

**इमरान के तेवर कड़े, 25 से इस्लामाबाद के लिए लॉन्ग मार्च-** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने भी शाहबाज सरकार के खिलाफ तेवर कड़े कर दिए हैं। इमरान की पार्टी PTI ने 25 से 29 मई तक पाकिस्तान के विभिन्न शहरों से राजधानी इस्लामबाद तक लॉन्ग मार्च का ऐलान किया है। दरअसल, पंजाब प्रांत में शाहबाज शरीफ के बेटे हमजा को समर्थन दे रहे PTI के 25 विधायकों के अयोग्य घोषित होने के बाद से इमरान को शाहबाज शरीफ को घेरने का अच्छा सियासी मौका मिल गया है। वे अपनी सभाओं में शाहबाज सरकार पर अमेरिका परस्त होने के अपने पुराने आरोपों को फिर से तेज कर रहे हैं।

# इमरान खान ने की भारत की तारीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने रूस से कम दामों पर तेल खरीदने के मामले में भारत की तारीफ की है। उन्होंने अमेरिकी दबाव को दरकिनार करते हुए समय रहते भारत का इस योजना को अंजाम तक पहुंचाने को इस प्रशंसा की वजह बताया। इसे लेकर उन्होंने अपने देश की सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने अपने देश की पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के नेतृत्व वाली सरकार को नसीहत दी कि बिना योजना के काम करना बंद करे। इसके साथ ही उन्होंने खुलासा किया कि उनकी सरकार में रूस से सस्ते में तेल खरीदने की योजना पर काम हो रहा था। पड़ोसी मुल्क के पूर्व पीएम खान की यह प्रतिक्रिया भारत सरकार की ओर से पेट्रोल की कीमत में 9.5 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 7 रुपये प्रति लीटर की कटौती किए जाने के बाद सामने आई है। इमरान खान ने एक ट्वीट में लिखा कि क्वाड का हिस्सा होने के बावजूद, भारत ने अमेरिका के दबाव के बावजूद खुद को स्थिर रखा और जनता को राहत देने के लिए रियायती दरों पर रूस से तेल खरीदा। हमारी सरकार एक स्वतंत्र विदेश नीति की मदद से यही



हासिल करने के लिए काम कर रही थी।

इमरान खान ने कहा कि 'मीर जाफरों और मीर सादिकों' तुम सत्ता परिवर्तन के लिए मजबूर बाहरी दबाव के आगे झुक गए, और अब बिना योजना के चारों दिशों में यहां-वहां तेल के लिए भटक रहे हो। पूर्व पीएम ने ट्वीट किया कि हमारी सरकार के लिए, पाकिस्तान का हित सर्वोच्च था, लेकिन दुर्भाग्य से स्थानीय मीर जाफर और मीर सादिक सत्ता परिवर्तन के लिए बाहरी दबाव के आगे झुक गए।

# नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन ने स्थानीय निकाय चुनावों में जीतीं दो-तिहाई सीटें

**काठमान्डु।** हाल ही में 13 मई को हुए स्थानीय निकाय चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन दो-तिहाई सीटों पर विजयी रहा है। अब तक 753 में से 684 निकायों के चुनाव नतीजे सार्वजनिक किए जा चुके हैं। महानगर, उपमहानगर और नगर पालिकाओं के प्रमुख पदों पर 237 जनप्रतिनिधियों ने जीत हासिल की है जबकि ग्रामीण नगर पालिका अध्यक्षों के पदों पर 446 जनप्रतिनिधियों ने जीत हासिल की है।

नेपाली कांग्रेस (एनसी), सीपीएन (माओवादी सेंटर), सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट) और जनता समाजवादी पार्टी नेपाल ने छह महानगरों, 11 उप-महानगरों और कुछ स्थानीय स्तरों पर चुनावी गठबंधन किया था। सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों में, नेपाली कांग्रेस ने सबसे अधिक 753 में से 303 सीटें जीती हैं। नेपाल चुनाव आयोग के सुबह 8 बजे के आंकड़ों की सूचना दी। इसी तरह 24 अन्य स्थानीय निकायों की मतगणना में भी वह आगे चल रही है। पिछले स्थानीय चुनाव में शीर्ष पर रही सीपीएन (यूएमएल) दूसरे स्थान पर है। सीपीएन (यूएमएल) के उम्मीदवारों ने कुल 186 स्थानीय स्तरों पर जीत हासिल की है। मतगणना जारी होने के साथ ही विपक्षी दल 21 स्थानीय निकायों में आगे चल रहा है। नेपाल में सौंदर्य स्पर्धा में भाग लेने वाली एक प्रतिभागी के मामले में यौन दुराचार के खिलाफ लोगों को बढ़ते आक्रोश के बीच प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष ने सरकार से इसकी गहन जांच कराने और सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है।